नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 338 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 4 अक्टूबर 2023

पेज -4 पर

लैलूंगा विधान सभा में हृदय राम राठिया को विधायक के रूप में देखना ...

पांच साल में भरोसा नहीं जीत पाने वाली सरकार चुनाव नजदीक देख भरोसे ....

पेज -8 पर

मनोकामना ज्योति कलश

651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

धरमजयगढ़ -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।

एक नजर

रायपुर में होने जा रही प्रदेशस्तरीय छात्र आक्रोश रैली

रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् आगामी 6 अक्टूबर को पीएससी घोटाले के साथ-साथ प्रदेश की लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था को लेकर एक विशाल प्रदेश स्तरीय आन्दोलन करने जा रही है।

इस निमित्त आज यहां परिषद् के देवेन्द्र नगर स्थित प्रान्त कार्यालय में %छात्र आक्रोश रैली% के पोस्टर का विमोचन किया गया, जिसमें प्रदेश मंत्री श्री मनोज वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव ने कहा कि सीजीपीएससी की 2021 परीक्षा में पीएससी चेयरमैन समेत कई अधिकारियों और नेताओं के बेहद करीबी रिश्तेदारों की भर्ती के बाद अब 2022 पीएससी परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी के उजागर होने से पीएससी परीक्षा के लिए दिन-रात एक कर देने वाले युवाओं को न केवल निराशा और दु:ख हुआ बल्कि वे आक्रोशित भी हैं। और इससे पीएससी की विश्वसनीयता को जो अपूरणीय क्षति हुई, वह तो शोचनीय है ही। ऊपर से प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह कहना कि अबतक किसी परीक्षार्थी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई, युवाओं को उद्वेलित करने के लिए पर्याप्त था।

इंडियन कारोबारी और उनके बेटे समेत 6 लोगों की मौत, प्लेन क्रैश में गई जान

हरारे। जिम्बाब्वे स्थित भारतीय अरबपति व्यवसायी हरपाल रंधावा और उनके बेटे आमेर कबीर सिंह रंधावा की एक निजी हवाई दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई। दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में एक हीरे की खदान के पास एक निजी विमान तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें सवार एक भारतीय खनन व्यवसायी और उनके बेटे समेत छह लोगों की मौत हो गई। समाचार वेबसाइट 'आईहरारे' ने अपनी खबर में बताया कि मशावा के जवामहंडे इलाके में हुए विमान हादसे में खनन कंपनी 'रयोजिम' के मालिक हरपाल रंधावा, उनके बेटे और चार अन्य लोगों की मौत हो गई.

पीएम मोदी बोले- अल्पसंख्यकों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस

जगदलपुर में कहा- हिंदुओं की आबादी बड़ी, तो हिंदू अपने सारे अधिकार ले लें क्या

जगदलपुर। पीएम मोदी ने कहा, मैं सोच रहा था कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी क्या सोच रहे होंगे। वह कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, उसमें भी मुसलमानों का। अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा, यानी क्या अब अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाहती है। मोदी ने आगे कहा कि आबादी के हिसाब से ही तय होने वाला है तो पहला हक किसका होगा। कांग्रेस वाले स्पष्ट करें कि आबादी के हिसाब से हक मिलेगा क्या, तो क्या अल्पसंख्यकों को कांग्रेस हटाना चाहती है, तो सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें क्या। पीएम ने बिहार में जातिगत जनगणना जारी होने के एक दि?न बाद जगदलपुर में संकल्प रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। इससे पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पांच सालों में अपराध का गढ़ बना दिया। यहां विकास या तो बैनर-पोस्टर में दिखता है या कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में।

मोदी के भाषण की प्रमुख बातें

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, उसमें भी मुसलमानों का है। अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा यानी क्या अब अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाहती है।

छत्तीसगढ़ को पांच साल में भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया

जब से कांग्रेस की सरकार आई है, तब छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का बोल बाला है। ?यहां विकास या तो बैनर-पोस्टर? में दिखता है, या तो कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में। भाजपा की सरकार आएगी तो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इतने बड़े कार्यक्रम में न सीएम न डिप्टी सीएम

छत्तीसगढ़ को 25 हजार करोड़ रुपए की नगरनार प्लांट की सौगात मिली है। इससे यहां के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन इस कार्यक्रम में न तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे न डिप्टी सीएम सिंहदेव। कांग्रेस के लोगों की यही आदत है।

हक मांगने वालों को जेल में डाल देती है कांग्रेस

छत्तीसगढ़ में अलग-अलग समाज अपना हक मांग रही है, लेकिन यहां की सरकार उनको हक देना तो छोड़ उन्हें पकड़कर जेल में डाल देती है। भाजपा की सरकार आएगी तो सभी को उनका हक मिलेगा।

कांग्रेस का एक देश के साथ गुप्त समझौता

कांग्रेस ने आज तक खुलासा नहीं किया है कि उसने एक देश के साथ गुप्त समाझौता की है। कांग्रेस को पार्टी के नेता नहीं चला रहे हैं। इनके बड़े नेताओं के मुंह में ताला लग गया है। पर्दे के पीछे से जो कांग्रेस को चला रहे हैं वो देश विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।

देश के संसाधनों में पहला हक गरीब का

देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब का है। सबसे बड़ी जाति गरीब है। चाहे वो पिछड़ा हो या कोई और। कांग्रेस ने देश को सिर्फ गरीबी दी। भाजपा की मोदी सरकार के कार्यकाल में दुनिया भर में देश का मान बढ़ा।

छत्तीसगढ़ में फिर डबल इंजन की जरूरत

प्रदेश में विकास का डबल इंजन फिर लगेगा तो यहां विकास की बयार बहेगी। भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा नेता हो, भाजपा की सरकार उसे जेल में डालेगी। छत्तीसगढ़ कह रहा है अब अऊ नहीं स?हिबो। ये दारी सरकार ल बदलबलो।

कौशल्या माता विहार के नए लेआऊट प्लॉन को राज्य शासन ने दी स्वीकृति

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के अभिन्यास (आर-8) संशोधन के उपरांत 182 व्यावासायिक भूखंड विक्रय के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इसका अनुमोदन कर दिया है, इसके उपरांत अब कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रायपुर व्दारा इसी सप्ताह इसकी स्वीकृति मिलते ही निविदा के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू व्दारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना के लेआऊट में संशोधन (आर-8) के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें काफी विचार विमर्श के बाद राज्य शासन ने 29 सितंबर 2023 को इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्राधिकरण के सीईओ साहू के अनुसार आर-8 में बिजनेस के 457 से 58,752 वर्गफुट आकार तक के भूखंड उपलब्ध होगें। कौशल्या माता विहार के सेक्टर 2, 4, 6, 8ए,10 में 170 भूखंड उपलब्ध हुए हैं। निविदा के माध्यम से इसके विकय की ऑफसेट दर रुपए 3300 प्रति वर्गफुट होगी। सेक्टर 11ए में 11 भूखंड उपलब्ध हुए है जिसकी ऑफसेट दर रुपए 2707 प्रति वर्गफुट तथा सेक्टर 11ए में ही सबसे बड़ा व्यावसायिक भूखंड जिसका क्षेत्रफल 58752 वर्गफुट है इसकी ऑफसेट दर रुपए 2494 वर्गफुट होगी तथा इसका भूउपयोग व्यावसायिक के साथ सार्वजनिक-अर्ध्द सार्वजनिक रखा गया है। रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा इन सभी व्यावसायिक भूखंडों का विक्रय निविदा आमंत्रित कर किया जाएगा।

टेनों के रद्द होने से जनता हलाकान

सीएम ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

रायपुर । ट्रेनों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने और पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिये जाने जैसी दिक्कतों से आम जनता को हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

सीएम की टिकट कन्फर्म, बाकी किसी की नहीं

टीएस सिंहदेव के बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा- उनकी कही बात हल्की नहीं होती

रायपुर। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बयान 'मुख्यमंत्री की टिकट कन्फर्म है बाकी किसी की कन्फर्म नहीं' पर अजय चंद्राकर ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव की प्रशंसा प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं. वो कोई बात बोलते हैं तो हल्की बात नहीं बोलते. मुख्यमंत्री की तरह हवा हवाई बात नहीं करते. इसलिए उनकी बातों में गंभीरता है. लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस दावेदार ढूंढ रही है, इसके लिए 6 अक्टूबर को पर्यवेक्षक आने वाले हैं, इस पर चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस इस बार 11 सीट भी नहीं जीतेगी. फिर हम उनके लिए जेल की व्यवस्था करेंगे. उप जेल की व्यवस्था करेंगे. कांग्रेस ने कितना पैसा खाया

इसका भी जिक्र होना चाहिए.

कांग्रेस हमारी नकल करने की कोशिश कर रही- चंद्राकर

कांग्रेस की सूची को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि एक दो सीटों को छोड़ दे तो कांग्रेस 90 सीटों पर फंसी हुई है. सीट का पैसा कौन देगा, कितना देगा यह चर्चा हो रही है. किसकी थैली में कितना वजन होगा इस पर विचार हुआ है. कांग्रेस हमारी नकल करने की कोशिश कर रही है.

हेड ऑफ फारेस्ट की पदोन्नति पर विवाद, कोर्ट का रास्ता खुला

रायपुर। वन विभाग के मुखिया वी श्रीनिवासराव की पदोन्नति पर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार ने उन्हें हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स के पद पर पदोन्नत तो कर दिया है। लेकिन अब यह बात सामने आई है कि श्रीनिवासराव हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स के लिए जरूरी न्यूनतम योग्यता को पूरा नहीं करते हैं। हेड ऑफ फारेस्ट

फोर्स का वेतनमान मुख्य सचिव और डीजीपी के समकक्ष है। डीओपीटी के नियमों में यह साफ है कि हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स को न्यूनतम एक साल पीसीसीएफ के पद पर होना चाहिए।

पीएससी अभ्यर्थियों के हित में मुख्यमंत्री बघेल का बड़ा फैसला

2 साल होगी पीएससी के दस्तावेज को नष्ट करने की अवधि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएससी अभ्यर्थियों के हित में बड़ा फ़ैसला लिया है। सीएम के निर्देश पर राज्य शासन ने दस्तावेज़ विनिष्टीकरण की अवधि को दो साल किए जाने का प्रस्ताव पीएससी को भेजा है। यह राज्य बनने के पूर्व से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव है।

दरअसल पिछले दिनों PSC घोटाले की बात सामने आने के

बाद ये खबरें भी आयी थी कि PSC ने आनन-फानन में आंसर सीट को नष्ट करने की निविदा भी जारी कर दी है, ताकि सबूत मिटाये जा सके। हाईकोर्ट में चल रही बहस के दौरान वकील ने इस बात पर भी कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया था । इधर कथित घोटाले के आरोपों के बीच आंसर सीट व अन्य दस्तावेज के विनिष्टीकण की अवधि को बढ़ाने की भी मांग उठ रही थी। अब मुख्यमंत्री ने एससी अभ्यर्थियों के हित में बड़ा फ़ैसला लेते हुए राज्य शासन ने पीएससी को प्रस्ताव भेजा है कि दस्तावेज़ विनिष्टीकरण की अवधि को दो साल किया जाये।

आम आदमी पार्टी ने जारी की प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

12 प्रत्याशियों को विधानसभा क्षेत्रों पार्टी ने दिया मौका

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने अपने विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. इस सूची में आप ने कुल 12 प्रत्याशियों का नाम शामिल है. पार्टी ने इससे पहले जो उम्मीदवारों की घोषणा की थी उस पहली सूची में 10 प्रत्याशियों का नाम शामिल था. बता दें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) दूसरी बार चुनावी मैदान में उतरी है. दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बाद अब आप

का छत्तीसगढ़ में फोकस है. आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों के दूसरी लिस्ट में कुल 12 नाम शामिल हैं. जिसमें प्रतापपुर से राजाराम श्याम, सारंगढ़ से देव प्रसाद कोशले, खरसिया से विजय जायसवाल, कोटा से पंकज जेम्स, बिल्हा से जसवीर सिंह, बिलासपुर से डॉ. उज्जवला कराडे, मस्तूरी से धर्मदास भार्गव, रायपुर ग्रामीण से तरुण वैध, रायपुर पश्चिम से नंदन सिंह, अंतागढ़ से संतराम सलाम केशकाल से जुगल किशोर दिशा और चित्रकूट से बोमाडा राम मांडवी को आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है.

छत्तीसगढ़ के बच्चों को नीट और जेईई की फ्री कोचिंग

छत्तीसगढ़ के समस्त 146 विकासखंडों सहित चार शहरों में खुले नि:शुल्क स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों-रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री श्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे।

बिहार की जातीय जनगणना: लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश का 'चुनावी गणित' भाजपा के लिए नई चुनौती..!

देश एक बार फिर एक नए मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, जिस तरह बिहार में जातीय जनगणना कराई गई और उसके आंकड़े जारी किए गए हैं, तो लगता है कि फिर से जातियों की राजनीति पार्टियों के लिए नया हथियार बनेगी। आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और सरकार अमृतकाल की बात कह रही है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार दोहरा रहे हैं।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या देश फिर विकास की पटरी से उतरकर जाति की ट्रेन पर चढ़ने को तैयार है। दरअसल, वर्ष 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी की बहुमत वाली चुनावी सफलता ने विपक्षी दलों में वर्ष 2024 से पहले एक बार फिर बेचैनी पैदा की है कि नरेंद्र मोदी पुन: वर्ष 2024 में विजय रथ पर सवार होकर तीसरे कार्यकाल में आ सकते हैं।

पिछले साढ़े नौ साल से विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की असफल कोशिश करता रहा है, लेकिन जातीय जनगणना का नया हथियार पिछले दिनों बिहार से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव ने मिलकर निकाला। कांग्रेस पार्टी भी इस मुद्दे पर मुखर है।

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी बार-बार इस बात को दोहरा रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब दुनिया सभी तरह के भेदभावों को दूर करने की पुरजोर वकालत कर रही है और उसे दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है तो क्या जाति के आधार पर हिस्सेदारी देने से देश का भला हो पाएगा? वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा पर 50त्न की कैपिंग लगा रखी है। फिर भी अपने पिछले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने आर्थिक आधार पर जनरल कैटेगिरी को 10 प्रतिशत का ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया। देखा जाए तो आरक्षण 50 से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है और अनारक्षित श्रेणी मात्र 40 प्रतिशत रह गई। तमिलनाडु जैसे राज्य तो 65 प्रतिशत से ऊपर आरक्षण दे रहे हैं।

बिहार से निकले जातीय जनगणना के आंकड़े मोदी सरकार के लिए निश्चित रूप से संकट में डालने वाले हैं, क्योंकि बिहार से चली जातीय जनगणना की ट्रेन अब सभी राज्यों में घूमने वाली है।

बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े

वर्ग	आबादी	हिस्सेदारी
पिछड़ा वर्ग	3,54,63,936	27.12%
अति पिछड़ा वर्ग	4,70,80,514	36.01%
अनुसूचित जाति	2,56,89,820	19.65%
अनुसूचित जनजाति	21,99,361	1.68%
सामान्य	2,02,91,679	15.52%
कुल	13,07,25,310	100%

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इसके कई स्टॉपेज आपको देखने को मिल जाएंगे। यह भी संभव है कि ओबीसी जातियां फिर से मंडल कमीशन वाली राह पर लौटें और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर देश एक बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ जाए। फिर वही सवाल, विकास का क्या होगा।

दरअसल, राजनीति ही देश की कुछ ऐसी है कि जातियों को देखकर टिकट निर्धारित होते हैं। नेता बनते हैं, वरना क्या कारण था कि मेट्रो मेन ई.श्रीधरन केरल में चुनाव हार गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों संसद में भारत सरकार में सचिव भी जातियों के आधार पर बांट दिए।

क्या देश को स्वयं से यह सवाल नहीं पूछना चाहिए कि जब हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच गया तो जाति के आधार पर राजनीति से हटकर देश की मूल समस्याओं जैसे- गरीब उन्मूलन, लैंगिक असमानता को दूर करना, शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, नए आविष्कार करना, जल संकट दूर करना जैसे मुद्दों पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। क्या आरक्षण को लेकर एक समीक्षा यह नहीं होनी चाहिए कि कौन सी ऐसी जातियां हैं, जो आरक्षण के दायरे में आती हैं, लेकिन उन्हें आज भी इसका लाभ नहीं मिला है। कुछ खास जातियों को ही आरक्षण का लगातार लाभ मिल रहा है या जिन परिवारों ने एक बार आरक्षण का लाभ ले लिया, वही लगातार आरक्षण के लाभ को लेते आ रहे हैं। जातीय जनगणना के साथ आरक्षण का लाभ ले चुके परिवारों और नहीं लाभ लेने वाले परिवारों की जानकारी भी दी जानी चाहिए। साथ ही, आर्थिक आधार पर भी जातियों की गणना होनी चाहिए। क्रीमीलेयर को सख्ती से निर्धारित किया जाना चाहिए। आज ऐसे बहुत से उदाहरण देखने को मिल जाएंगे, जहां परिवार बहुत संपन्न है, लेकिन वह आरक्षण का लाभ जाति के नाम पर ले रहा है।

जाति के आधार पर नए सिरे से आरक्षण की मांग तो उठेगी, लेकिन उसमें उन आरक्षित परिवारों पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है, जिनका उद्धार अभी तक आरक्षण से नहीं हुआ है। आरक्षण की कितनी सीमा रखी जाए, इस पर भी सभी राजनीतिक दलों को बैठकर सोचने की जरूरत है, क्योंकि मेरिट भी जरूरी है।

संपादकीय

ये तुलना गौरतलब है

ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम-शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ब्रिटेन की कंसल्टिंग एजेंसी ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने भारत और चीन की श्रम-शक्ति की जो तुलना पेश की है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसलिए कि अगर भारत सचमुच एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जो इस तुलना जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर किए बना वह अपनी मंजिल नहीं पा सकता। ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम-शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ये एजेंसी अनेक प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंची है। मसलन, उसने ध्यान दिलाया है कि श्रम-शक्ति भागीदारी (15 से 64 वर्ष उम्र के जो लोग काम की सक्रिय तलाश में हों, उनकी संख्या) भारत में सिर्फ 51 प्रतिशत है, जबकि चीन में ये आंकड़ा 76 प्रतिशत है। और मगर महिलाओं की बात करें, तो भारत में उनकी भागीदारी तो महज 25 फीसदी है, जबकि चीन में यह आंकड़ा 71 प्रतिशत है। मगर बात सिर्फ संख्या की नहीं है। श्रमिक उत्पादकता के मामले में भारत और भी पीछे है। उत्पादकता मानव पूंजी की गुणवत्ता से तय होती है, जिसका संबंध बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य से है। इस मामले भारत चीन से बहुत पीछे है। मसलन, भारत में 2018 में साक्षरता दर 74 प्रतिशत थी, जबकि चीन में यह आंकड़ा 97 फीसदी था।

पुरानी पेंशन पर लामबंदी, लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले आंदोलन से सरकार पर बढ़ा दबाव

पुरानी पेंशन बहाली के लिए लाखों कर्मचारियों ने एक बार फिर दिल्ली के रामलीला मैदान में जोरदार प्रदर्शन किया है। आगामी चुनावों को देखते हुए इस मांग को स्वीकार करने की संभावना बढ़ती जा रही है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भी न्यायिक सेवा के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की घोषणा सुनाई दी है, तो पांच राज्यों ने पहले ही पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा कर रखी है।

विगत 10 अगस्त को भी रामलीला मैदान में केंद्रीय कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए प्रदर्शन किया था और लगभग 60 कर्मचारी संगठनों ने प्रधानमंत्री को संयुक्त प्रत्यावेदन भेजा था। पूरे देश के कर्मचारियों का दबाव इस समय पुरानी पेंशन बहाली को लेकर है।

सरकार की ओर से नई पेंशन योजना को लाभप्रद बनाने के भी प्रयास हुए हैं। वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी। समिति के सुझावों के अनुसार कुछ सुधार भी किए गए हैं, जिनमें न्यूनतम योगदान में कमी, एनपीएस में शामिल होने के लिए उम्र सीमा 65 से बढ़ाकर 70 करने और वार्षिकी खरीदने हेतु संचित कोष का 40 प्रतिशत उपभोग की सीमा को खत्म करने की बात शामिल है। सरकार का कहना है कि वह नई पेंशन योजना को पुरानी पेंशन की तरह कारगर बनाएगी। कर्मचारी नेता किसी भी दशा में नई पेंशन योजना को स्वीकार नहीं करना चाहते हैं। उनका कहना है कि अगर सरकार पुरानी पेंशन की तरह ही नई पेंशन योजना से लाभ देना चाहती है, तब भला पुरानी पेंशन योजना को लागू करने से पीछे क्यों हट रही है? जब कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का प्रस्ताव पास हो चुका है, तब सरकार को पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर देना चाहिए।

राज्य विधानसभाओं और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश में पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन से सरकार पर दबाव तो बना ही है।

सरकार की ओर से नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत एक निश्चित आय देने पर फोकस किया जा रहा है, यानी न्यूनतम गारंटी पेंशन की व्यवस्था करने की बात की जा रही है। नई पेंशन योजना में सरकार अपनी भागीदारी को 14 फीसदी से ज्यादा करने के बारे में सोच रही है, मगर कर्मचारी नेताओं को इस पर एतबार नहीं है। उनका कहना है कि एक ओर सरकार अपनी भागीदारी बढ़ाने की बात कर रही है, तो दूसरी ओर सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालना चाहती है।

देखा जाए, तो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे दो बड़े राज्यों का निर्णय ही पुरानी पेंशन बहाली की राह में रोड़ा है। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव करीब होने के कारण वहां की सरकार पर इस मांग को लेकर ज्यादा दबाव है। पेंशन का मामला सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे की सुरक्षा से जुड़ा है। दक्षिण भारत के अधिकांश राज्यों में पुरानी पेंशन के प्रति आम राय बन जाने के कारण उत्तर भारत के मुख्य हिंदी प्रदेशों में इस मांग को स्वीकार करने का दबाव बढ़ा है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चिंताएं अपनी जगह हैं, तो सरकार को सरकारी खजाने पर बढ़ता व्यय चिंता का कारण बन रहा है। एक ओर बढ़ती महंगाई और स्वास्थ्य की चिंता रिटायर्ड कर्मचारियों को चिंतित कर रही है, तो दूसरी तरफ बढ़ता राजकोषीय घाटा चिंता का कारण है। कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि पेंशन की राशि बाजार की तरलता को बढ़ाती है और इससे बाजार को गति मिलती है। इसके सहारे सरकार अतिरिक्त व्यय उठाने का जोखिम ले सकती है। नई पेंशन योजना में अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन गारंटी न होना तथा इलाज व्यय और महंगाई भत्ते की सुविधा का अभाव पुरानी पेंशन योजना के मुकाबले अस्वीकार्य बना रही है। यही कारण है कि एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और उनके आश्रितों ने अपने हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन राष्ट्रपति महोदया को प्रेषित किया था। देश के चार सौ से अधिक कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग को लेकर विगत कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। सेना के रिटायर्ड कर्मचारियों का भी उन्हें समर्थन हासिल है।

मिला जुला

भारत ने 4 साल में भेज दिए 2 चंद्रयान, यहां चीन के कंधे पर बैठकर चांद जा रहा पाकिस्तान

चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि देश का अगले साल प्रस्तावित चंद्र अभियान पाकिस्तान का भी एक पेलोड लेकर जाएगा। इसे दोनों मित्र देशों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के हवाले से शुक्रवार को बताया कि चांग ई-6 चंद्र अभियान वर्तमान में योजना के अनुसार अनुसंधान एवं विकास कार्य से गुजर रहा है।

द ग्लोबल टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चांग ई-6 मिशन का प्रक्षेपण 2024 में प्रस्तावित है और इस अभियान का मकसद चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने लाना है। इसके अनुसार, चंद्रमा से नमूने एकत्र करने के लिए अब तक मनुष्यों द्वारा किए गए सभी 10 अभियान चंद्रमा के नजदीकी हिस्से पर केंद्रित रहे हैं।

ट्रंप के बिजनेस को न्यूयॉर्क में बैन करने की मांग

नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में ट्रायल शुरू हो गया है. इसके चलते वह सोमवार को न्यूयॉर्क की एक कोर्ट में पेश हुए. दरअसल, ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने अपने रियल एस्टेट बिजनेस के बारे में झूठ बोलकर 100 मिलियन डॉलर से अधिक कमाई की है. उनके खिलाफ न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल ने ये मुकदमा दायर किया है. उन्होंने

आरोप लगाया है कि ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के दौरान अपने हिसाब से बैंक लोन और सस्ते बीमा प्रीमियम हासिल कर 2011 से 2021 तक अपनी संपत्ति को तेजी से बढ़ाया है. अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा पूर्व राष्ट्रपति पर कम से कम 250 मिलियन डॉलर का जुर्माना, उनके और उनके बेटों डोनाल्ड जूनियर और एरिक के खिलाफ न्यूयॉर्क में बिजनेस करने पर बैन और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ रियल एस्टेट बिजनेस करने पर 5 साल के बैन की मांग की गई है. बता दें कि मैनहट्टन की कोर्ट में ट्रायल कई गवाहों की गवाही के बाद शुरू हुई है.

लंदन टू लाहौर टिकट बुक, 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ की वतन वापसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने 21 अक्टूबर को ब्रिटेन से पाकिस्तान वापसी के लिए फ्लाइट का टिकट बुक करा लिया है. पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक नवाज शरीफ जो इस समय यूके में हैं, 21 अक्टूबर को अबू धाबी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेंगे. उसी दिन वह अबू धाबी से लाहौर के लिए फ्लाइट पकड़ेंगे. सूत्रों ने बताया कि नवाज शरीफ ने एतिहाद एयरवेज की फ्लाइट में बिजनेस क्लास का टिकट बुक कर लिया है. नवाज के साथ आने वालों में उनके स्टाफ मेंबर, निजी सलाहकार, डॉ. अदनान और सीनेटर इरफान सिद्दीकी होंगे. सूत्रों के मुताबिक कई पीएमएल-एन नेताओं और पूर्व सांसदों ने भी अबू धाबी से लाहौर के लिए उसी फ्लाइट में सीटें बुक की हैं. नवाज के स्वागत के लिए विभिन्न क्षेत्रों से कई पीएमएल-एन सदस्यों के अबू धाबी हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है.

चंद्रयान 3 का मिशन हुआ खत्म! चांद पर रात ने तोड़ी इसरो की उम्मीद!

नई दिल्ली: भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा चांद पर भेजा गया चंद्रयान-3 मिशन अब अपने समाप्ति की ओर बढ़ चुका है. चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर फिर रात होने वाली है. लेकिन अभी तक विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से किसी भी तरह का संपर्क नहीं हो पाया है. ऐसे में इस मिशन के खत्म होने की संभावना जताई जा रही है. तीन-चार दिन के भीतर शिव शक्ति प्वाइंट पर अंधेरा छा जाएगा. विक्रम और प्रज्ञान के नींद से जगने की सभी उम्मीदें खत्म हो जाएंगी. हालांकि चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल से इसरो की आस बनी रहेगी. प्रोपल्शन मॉड्यूल लगातार 58 दिन से चांद के चारों तरफ चक्कर लगा रहा है. उसने अभी तक बहुत सारा डेटा इसरो को भेजा है. बता दें कि प्रोपल्शन मॉड्यूल में इसरो द्वारा SHAPE नाम का एक यंत्र लगाया गया है. जिसका काम अंतरिक्ष में छोटे ग्रहों के साथ-साथ एक्सोप्लैनेट्स की खोज में लगा हुआ है. चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का काम शुरुआत में केवल विक्रम लैंडर को चांद की नजदीकी कक्षा में डालना था. 30 सितंबर को शिव शक्ति पॉइंट पर सूरज की रोशनी कम होने लगी.

चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का काम शुरुआत में केवल विक्रम लैंडर को चांद की नजदीकी कक्षा में डालना था. उससे अलग होकर चांद का चक्कर लगाना था. प्रोपल्शन मॉड्यूल ने यह काम बेहद अच्छे से किया और अब इसरो प्रोपल्शन मॉड्यूल में लगे शेप का पूरा फायदा उठा रहा है. यह अभी कम से कम चार से पांच महीने तक काम करेगा. नासा के मुताबिक अब तक 5 हजार से ज्यादा एक्सोप्लैनेट्स खोजे जा चुके हैं.

भारत ने कनाडा को दिया एक और तगड़ा झटका, 40 राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुलाने को कहा

नई दिल्ली. भारत ने कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुलाने को कहा है. इस घटनाक्रम से परिचित लोगों के मुताबिक नई दिल्ली ने ओटावा से कहा है कि उसे 10 अक्टूबर तक लगभग 40 राजनयिकों को वापस बुलाना होगा. 'फाइनेंशियल टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार ने अभी तक इस ताजा घटना के बारे में एक बयान जारी नहीं किया है. अखबार के मुताबिक कनाडा के भारत में 62 राजनयिक हैं और भारत ने कहा था कि इसमें से कुल 41 लोगों को कम किया जाना चाहिए. गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में आरोप लगाए थे कि

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है. इसके बाद से नई दिल्ली और ओटावा के बीच राजनयिक संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए. भारत में नामित आतंकवादी निज्जर की 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर पार्किंग की जगह पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. बहरहाल भारत ने कनाडा के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है और इसे बेतुका और प्रेरित बताया है. भारत सरकार ने कहा है कि कनाडा ने निज्जर की हत्या के दावे के समर्थन में अभी तक कोई सार्वजनिक सबूत उपलब्ध नहीं कराया है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में कहा था कि कनाडा के साथ चल रही समस्या देश में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा को कनाडा सरकार के समर्थन के कारण पिछले कुछ साल से बनी हुई है. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा स्थिति को गतिरोध नहीं कहा जा सकता है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस मुद्दे के बारे में कनाडाई पक्ष द्वारा साझा की गई किसी भी विशेष और प्रासंगिक बात पर विचार करने के लिए तैयार है. कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई संसद में एक बहस के दौरान आरोप लगाया कि कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास यह मानने के कारण हैं कि 'भारत सरकार के एजेंटों' ने निज्जर की हत्या को अंजाम दिया, जो सरे के गुरु नानक सिख गुरुद्वारे का अध्यक्ष भी था.

यूपी में एनकाउंटर में हत्याओं पर मनता है जश्न और पुलिसवाले पाते हैं इनाम, एससी में उठा सवाल

उत्तर प्रदेश में एनकाउंटरों पर जश्न मनता है। पुलिसवालों को प्रमोशन मिलते हैं और इनाम भी दिए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में यूपी के एनकाउंटरों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह सवाल उठाया गया। यही नहीं याची ने यूपी सरकार की उस स्टेटस रिपोर्ट पर भी सवाल उठाया, जिसमें कहा गया है कि यूपी पुलिस की अतीक अहमद और अशरफ की हत्या में कोई गलती नहीं थी। इसके अलावा अन्य एनकाउंटरों को लेकर भी यूपी सरकार ने पुलिस को क्लीन चिट दी थी। याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने कहा, 'एनकाउंटर में हत्याओं पर राज्य की पुलिस के अधिकारी जश्न मनाते हैं। इसके अलावा असंवैधानिक कार्रवाइयों को बढ़ावा दिया जाता है। यही नहीं आगे बढ़कर प्रमोशन दिए जाते हैं और ऐसी हत्याओं में शामिल अफसरों को पुरस्कारों से नवाजा जाता है।' इस मामले में यूपी सरकार ने एफिडेविट दाखिल कर कहा था कि पुलिस ने रक्षात्मक कार्रवाई के तहत एनकाउंटर किए थे। इस पर विशाल तिवारी ने कहा कि एक ताकतवर फोर्स के तौर पर पुलिस को अत्यधिक बल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, जब सामने वाली ताकत कमजोर हो।

ट्रेन के एसी कोच में यात्रियों की बिगड़ी हालत

नाक में रूमाल बांध दरवाजे की ओर दौड़े, सांस लेना हुआ मुश्किल

रांची। ट्रेनों में यात्रियों को नई सुविधाएं देने का दावा जरूर किया जा रहा है, पर हकीकत कुछ अलग ही है। सोमवार को चूहों के कारण एक एसी कोच में यात्रा कर रहे रेल यात्री तेज बदबू से परेशान हो गए। समस्या समाधान के प्रति रेलवे ने भी जमकर लापरवाही बरती। दरअसल हटिया स्टेशन पर सोमवार

को हटिया इस्लामपुर ट्रेन खुलते ही कोच नंबर बी -2 के यात्रियों ने 139 पर शिकायत की कि पूरी बोगी में चूहों की दुर्गंध आ रही है। ट्रेन रांची से बोकारो पहुंच गई, लेकिन इस शिकायत का समाधान करने के लिए रेलवे की ओर से कोई पहल नहीं की गई। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में चढ़ते ही चूहों की दुर्गंध आने लगी थी। कोई भी यात्री उस बोगी में बैठ नहीं पा रहा था।

दुर्गंध इतनी तेज थी कि यात्री बोगी में रह नहीं पा रहे थे। सभी यात्री गेट पर जाकर खुली हवा में सांस ले रहे थे। यात्री अपने चेहरे पर मास्क और रुमाल बांध कर बोगी में जा रहे थे। यात्रियों द्वारा बोगी की स्थिति को इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया।

उत्तर भारत में महसूस हुए 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप का आने का समय दोपहर 2 बजकर 53 मिनट रहा. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 मापी गई. भूकंप का केंद्र नेपाल में रहा. इसकी गहराई पृथ्वी के तल से 5 किमी रही. फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक दिल्ली-NCR, उत्तराखंड, उत्तर



प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से में भूकंप के झटके महसूस किए गए, बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया. पहला झटका दोपहर 2.25 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.6 मापी गई. दूसरा झटका दोपहर 2.53 बजे आया, जिसकी तीव्रता 6.2 रही.

उत्तर प्रदेश में 5.5 तीव्रता का आया भूकंप

उत्तर प्रदेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया. लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए. मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं

राजस्थान-हरियाणा में महसूस किए गए भूकंप के झटके

राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन-चार झटके महसूस किए गए. वहीं, हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया.

भरोसे का सम्मेलन

नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमसभा को करेंगे संबोधित

प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का करेंगे शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे।



* शासन के विभिन्न योजनाओं के 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का होगा वितरण
* विभागीय प्रदर्शनी से दिखेगी विकास कार्यों की झलक
* 4 अक्टूबर को कोड़ातराई मैदान में आयोजित होगा भरोसे का सम्मेलन

इस अवसर पर प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न योजना के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व योजनान्तर्गत सहायता राशि वितरित की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद बस्तर दीपक बैज, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, वनमंत्री, मोहम्मद अकबर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उच्च शिक्षामंत्री, उमेश पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेडिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री, अमरजीत भगत, सांसद गोमती साय, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया,विधायक रायगढ़ , प्रकाश नायक, विधायक सारंगढ़,उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक लैलूंगा,चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष, निराकार पटेल, महापौर नगर निगम जानकी काटजू, सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर सुशील भोय, सरपंच कोड़ातराई पद्मलता चौहान की भी उपस्थिति रहेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत 539 एसएचजी को 80 लाख 45 हजार रूपये की चक्रीय निधि एवं 1189 एसएचजी को 7 करोड़ 13 लाख 40 हजार रूपये की सामुदायिक निवेश निधि की राशि वितरित की जाएगी।

इसी तरह श्रम विभाग के तहत 98 लाख 71 हजार रुपये की लागत से 1317 हितग्राहियों को मिनीमाता महतारी जतन, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक औजार सहायता योजना एवं श्रम विभाग की अन्य योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरित की जाएगी। शहीद महेन्द्रकर्मा तेन्दुपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दिलकुंवर राठिया को 4 लाख तथा उर्मिला राठिया को 2 लाख प्रदाय किया जाएगा। कृषि विभाग के तहत किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 3 लाख 79 हजार रुपये की लागत के 13 हितग्राहियों को नलकूप खनन एवं अनुदान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत पम्प सेट का वितरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सहायक उपकरण योजना के तहत ट्रायसायकिल, टीएलएम एवं ब्लाइन्ड स्टिक सहायक उपकरण तथा महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 9 हितग्राहियों को 6 लाख रुपये की महिला कोष ऋण योजना का वितरण करेंगे।

एक नजर

जिले में 1274.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अक्टूबर तक 1274.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 29.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1265.9 मिली मीटर, पुसौर में 1349.9, खरसिया में 1229, घरघोड़ा में 1272.6, तमनार में 1213.2, लैलूंगा में 1239.5, मुकडेगा में 1349, धरमजयगढ़ में 1335.9, छाल में 1159 एवं कापू में 1332.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

ग्राम-टेरम में अस्पृश्यता निवारणार्थ सामाजिक समरसता एवं सदभावना शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

गांधी जयंती 2 अक्टूबर को घरघोड़ा तहसील के ग्राम-टेरम में अस्पृश्यता निवारणार्थ सामाजिक समरसता एवं सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में डॉ.भीमराव अंबेडकर की शिक्षा का संदेश दिया। उन्होंने सभी को शिक्षित एवं संगठित होने के लिए प्रेरणा दिए और सदैव सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु लोगों को उत्प्रेरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सतनामी पारा में एक मुक्तिधाम निर्माण की घोषणा की। समाज प्रमुखों ने भी लोगों को भेदभाव एवं अस्पृश्यता निवारण हेतु प्रेरित किया। सभी जनों को भेदभाव से दूर रहकर एक होने हेतु प्रेरित किया। सतनामी समाज प्रमुख श्री उमेश लहरे एवं व्ही.आर.खड़बंदे, चौहान समाज प्रमुख अमरनाथ चौहान, जनपद अध्यक्ष सहोद्रा राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आदिवासी विकास विभाग बी.के.राजपूत, जनपद सी.ई.ओ. तिवारी, मण्डल संयोजक विनय चौधरी एवं ए.डी.ई.ओ. सुश्री यमुना सिदार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

दो पक्षों में विवाद, ग्रामीणों ने युवक की दुकान में लगाई आग, घर में की तोड़फोड़, दोनों पक्षों के खिलाफ शिकायत दर्ज

पिथौरा । बलौदा थाना क्षेत्र के कसडोल गांव में दो पक्ष में विवाद विवाद हो गया. जिसमें ग्रामीणों ने एक युवक की दुकान में आग लगा दी. इसके अलावा घर में तोड़फोड़ भी की गई. ग्राम वासियों का आरोप है कि युवक करण मेहेर आए दिन ग्राम वासियों को डराता धमकता था.गणेश विसर्जन के दौरान करण भी उसमें गया हुआ था, तभी दो पक्षों में धक्का मुक्का होने के बाद इसी आक्रोश में ग्राम वासियों ने करण मेहेर की दुकान में आगजनी की और घर में लोहे की राड, डंडे और पत्थर से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया. इस पर पुलिस ने प्रार्थिया (करण की मां) की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 423, 436, 452, 506, के तहत अपराध कर जांच में लिया है. बलौदा थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि घटना रविवार की है. जिसमें प्रार्थिया के द्वारा शिकायत की गई है. वहीं दूसरी और ग्रामीणों द्वारा भी करण के खिलाफ शिकायत की जा रही है.

अनावश्यक वर्षा से धान की बढ़ती बालियों को हो रही नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

कोरबा । धान की फसल में बालियां आने लगी है। ऐसे समय में अनावश्यक वर्षा से नुकसान की आशंका बनी हुई है। धान के झड़ने फूल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बीते सप्ताह के अंदर थम-थम कर हुई 334.80 मिली वर्षा से खेतों में पानी भर गया है। जिले में खंड वर्षा अभी भी जारी है। वर्षा ऐसे ही जारी रही तो उपज कम होना तय है। अनावश्यक पानी भरने की समस्या से बचने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को खेत के मुंहाने खोलने की सलाह दी है।

मानसून आगमन से अब तक 9472.60 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो आवश्यकता से अधिक है। किसानों की माने तो समय के अनुसार हाने वाली वर्षा ही खेती के लिए कारगर होती है। मैदानी के साथ निचली भूमि के खेतों में पानी का भराव होने अब फसल के लिए हानिकारक है। दूसरे चरण की खेती निंदाई के बाद धान की फसल गभोट की स्थिति में आ चुकी है। जिन किसानों में अगस्त की शुरूआत में रोपाई कर ली थी, उनके खेतों में मोटा प्रजाति की फसल में धान की बालियां शुरू हो चुकी है। खेतों में अब पानी की आवश्यकता नहीं है। पिछले चार दिनों से हुई वर्षा से बालियों को नुकसान हो रहा। जिले में 81,000 हेक्टेयर भूमि में धान फसल की बुआई की गई है। इनमें 70 प्रतिशत रकबा मोटा धान का है। किसानों की माने तो नम जमीन के साथ उमस और धूप बालियों को पनपने में कारगर होगा। फसल को तैयार होने में अभी 40 से 50 दिन का समय है। नवंबर माह के दूसरे पखवाड़े में कटाई शुरू हो जाएगी। बताना होगा अगस्त माह में वर्षा थमने के कारण इस बार खेती पखवाड़े बार के लिए पिछड़ा है, जिसका असर उत्पादन पर होने की संभावना है। अब वर्षा ऐसे ही जारी रही तो असर होना तय है। बारिश का खेती पर पहले ही विपरीत असर है। बाजार में सब्जियों के दाम में लगातार बढ़त हो रही है। सितंबर माह में 20 रूपये किलो बिकने वाली टमाटर 30 रूपये हो गई है। असमय वर्षा ने करेला, बरबट्टी और भिंडी में कीट रोग की संभावना बढ़ा दी है। किसानों की माने तो फसलों में पहले से मौसमी बीमार थी, जिसमें दवा का छिड़काव किया गय था। असमय हो रही बारिश से दवा बेअसर साबित हो रहा।

रायगढ़ जिले के 7 केंद्रों में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद नि:शुल्क कोचिंग योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के विकासखंडो में 150 कोचिंग केंद्र से ऑनलाइन जुड़कर शुभारंभ किया गया। रायगढ़ जिले के अंतर्गत 7 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्थापित कोचिंग क्लास का भी आज ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। उपरोक्त कोचिंग कक्षा हेतु जिले सभी 7 विकासखण्डों के 314 विद्यार्थियों में से मेडिकल के 249 तथा इंजीनियरिंग 65 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है।

आज के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से प्रदेश के सभी संभागों के अंतर्गत आने वाले सभी केंद्र से ऑनलाइन जुड़कर शिक्षकों तथा बच्चों से चर्चा किये। सभी बच्चों ने इस योजना का स्वागत कर अपने अपने सपने को साकार करने में योजना की प्रशंसा कर मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत ख्याति प्राप्त निजी कोचिंग संस्था एलन कैरियर इंस्टीट्यूट, कोटा, राजस्थान के शिक्षकों के द्वारा नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान किया जायेगा। कोचिंग कक्षा संचालन हेतु छत्तीसगढ़ शासन तथा एलन संस्था के मध्य एमओयू हुआ है । इस संस्था की ओर से उपस्थित स्टेट व जोनल पदाधिकारियों ने योजना में अपनी सहभगिता के संबंध में जानकारी दी गयी। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल शिक्षा मंत्री ने संबोधित कर शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों व योजनाओं की जानकारी देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कुछ बच्चों से सीधे चर्चा कर बच्चों की योजना के प्रति खुशियों को अनुभव कर ऑनलाइन जुड़े सभी बच्चों का उत्साहवर्धन कर इस योजना का लाभ लेकर मेहनत करके अपने सपने पूरे करने की अपील कर सबको शुभकामनाएं दी। शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात एलन इंस्टिट्यूट के द्वारा कोचिंग प्रदान करना भी शुरू कर दिया गया है। आज के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिले के सभी 7 कोचिंग केंद्रों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, नोडल प्राचार्य, नोडल शिक्षकों के साथ अध्ययन करने वाले सभी बच्चे एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति बड़ी धूमधाम से निकाली गजानंद की विसर्जन यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर में बड़ी धूमधाम से गणेश भगवान की विसर्जन यात्रा निकाली गई रतनपुर बस स्टैंड के मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति द्वारा कल शाम को धुमाल पार्टी के और झांकी के साथ भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा बस स्टैंड से होकर हाई स्कूल चौक नुतन चौक होते हुए माहामाया चौक के बस स्टैंड पहुंची इस यात्रा में हजारों गजानंद के भक्त उपस्थित थे

धुमाल पार्टी में नाचते गाते हुए हजारों की संख्या में लोगों ने गणेश भगवान के बालाजी स्वरूप मोरया के जयकारों की गूंज चारों तरफ सुनाई दी गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना के बाद शहर के विभिन्न पंडाल व घरों में विराजमान गणेश जी का विसर्जन किया गया। शहर के अनेक मंडलों द्वारा गाजे बाजे और डीजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। विभिन्न मंडल के यहां से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए छोटा बड़ा तालाब व डेम तक पहुंचने के बाद गणेश जी का विसर्जन किया गया गणेश विसर्जन के समय लोग नाचते गाते और झूमते हुए अपने-अपने गणेश जी को लेकर के गए। इसके बाद लोगों ने विसर्जन किया।

अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सम्पन्न हुई

पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ में लागू हो आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई

जोहार छतीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की छत्तीसगढ़ इकाई की एक दिवसीय बैठक राजधानी रायपुर में 2 अक्टूबर को सम्पन्न हुई बैठक में संगठन ने पहले सेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर चर्चा की गई और उसके बाद दूसरे सेशन में संगठन का विस्तार किया गया। छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्णरूप से जल्द लागू हो उसके लिए रायपुर के बैठक में आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी और इस कानून में जो पत्रकार हित के मुद्दे छूट गए ही उनको भी शामिल किए जाने प्रयास भी किया जायेगा संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के कई जिलों से पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पत्रकार हित के मुद्दो में अपना अपना पक्ष रखा जिसमे सबसे पहले राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून जो अधूरा जान पड़ता हैं उसमे एमिटमेंट करने की आवश्यकता महसूस की गई पत्रकारों के पक्ष के ऐसे बहुत सी बाते इस कानून में नही जोड़ी इस कानून से ऐसा लग रहा है की सरकार एवम प्रशासन दोनों मिलकर पत्रकारों पर शिकंजा कसने का कार्य कर रहे है जिसके फुलस्वरूप इसमें बहुत सी बातों का जिक्र नही है जिससे पत्रकार स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता कर सके इसलिए इस कानून में बहुत से बदलाव की जरूरत है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ में संगठन का विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई जिसमे पूर्व की प्रदेश एवम जिलों की समीतियों को भंग कर नए सिरे से समिति का विस्तार किया गया जिसमे प्रदेश कार्यकारणी,जिले की कार्यकारणी का गठन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी राकेश प्रताप सिंह परिहार,राष्ट्रीय महासचिव महफ ूज खान,प्रदेश संयोजक कमलेश स्वर्णकार, की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा के द्वारा संघ का विस्तार किया गया जिसमे उपाध्यक्ष. पुष्पा रोकड़े,दीपक साहू,राजेश यादव, डी पी गोस्वामी, प्रवीण निशी, सचिव . नाहिदा कुरैशी,क्रांति रावत,राकेश तांबोली,विनोद नेताम,शैलेंद्र सिंह,आनंद साहू,प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्पलसेन गुप्ता,प्रदेश संगठन मंत्री सिकंदर खान, रामेश्वर प्रसाद वैष्णव,अमित संतवानी सहसचिव .कोशलेंद्र यादव,नरेंद्र चौबे,गोविन्द तिवारी,इसके अलावा रायपुर जिलाध्यक्ष . प्रेम सोनी,कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र, दुर्ग जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता,कांकेर जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, खेरागढ़ जिलाध्यक्ष अरुण भारद्वाज,सुकमा जिलाध्यक्ष ज्ञानवती भदौरिया,बालोद जिलाध्यक्ष कृष्णा गंजीर,कोरबा जिलाध्यक्ष अरुण शेंडे कोरबा संयोजक अजय राय,कोरबा संरक्षक हरीराम चौरसिया,नवरत्न शर्मा रायगढ़ जिलाध्यक्ष,सुशील बखला अम्बिकापुर जिलाध्यक्ष,राजेश सोनी सूरजपुर जिलाध्यक्ष,सुरजीत रैना मनेंद्रगढ़ जिलाध्यक्ष,नरेश चौहान सारंगढ़ जिलाध्यक्ष,ज्ञानेश तिवारी गरियाबन्द जिलाध्यक्ष,पद पर मनोनीत किया गया इसके अलावा बैठक में प्रदेश से संगठन के पत्रकार शामिल हुए।

पत्रकार सुरक्षा का अधूरा कानून बनाने को लेकर अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

लैलूंगा विधान सभा में हृदय राम राठिया को विधायक के रूप में देखना चाहती है क्षेत्र की जनता!

विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस की जातिगत समीकरण को लेकर एक नजर

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

लैलूंगा विधान सभा के पूर्व विधायक हृदय राम राठिया को यदि कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो वे बहुत आसानी से विधान सभा चुनाव जीत सकते हैं। क्योंकि क्षेत्र में उनकी पकड़ बहुत अच्छी है। वे जिस राठिया कंवर जनजाति समाज से तालुक रखते हैं।

उनकी जन संख्या लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र में लगभग एक लाख से भी अधिक मात्रा में निवास करते हैं। जो कि राठिया कंवर समाज के मतदाताओं कि संख्या नव मतदाताओं को मिलाकर लगभग 70 से 75 हजार मतदाता हैं। वहीं यदि बात कि जाये क्रिश्चियन उराँव आदिवासी समाज से यानी ईसाई सामुदाय के लोगों की जनसंख्या भी लगभग 40 से 45 हजार हैं। क्रिश्चियन व्होटरों की यानी ईसाई महासभा के मतदाताओं संख्या लगभग 25 से 30 हजार है। जो कि कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक मतदाता कहलाते हैं। यदि बात कि जाये हिन्दू उरांव आदिवासियों कि तो हिन्दू उरांव दो भागों में बंटे हुए हैं। जैसे कि कुछ हिन्दू उरांव भारतीय जनता पार्टी के कट्टर समर्थक हैं तो कुछ हिन्दू उरांव कट्टर कांग्रेसी हैं, जिन्हें स्पष्ट रूप से पहचान कर पाना संभव नहीं है। रही बात अन्य समाज के व्होटरों की तो हृदयराम राठिया सब पर भारी पड़ेंगे क्योंकि उनकी एक अलग ही जनाधार है। वहीं हृदय राम राठिया की साफ सुथरी छवी और उनकी दरिया दिली व बेदाग, बेबाक, सौम्य, सरल, कर्मठ, मिलनसार तथा दबंग नेता के स्वाभाव से हर कोई उन्हें आसानी चाहते हैं। क्या युवाए क्या बुजुर्ग, क्या छोटा, क्या बड़ा सभी के लिए एक समान व्यवहार करने वाले हृदय राम राठिया के हर कोई कायल हैं। उसका एक कारण है हृदय राम

राठिया को कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी मिले वे सभी से हंसमुंख होकर बहुत ही अच्छे ढंग से कुछ भी समस्या हो वे तुरंत ऑन द स्पॉट हल करने में माहिर हैं। लैलूंगा विधान सभा के अब तक के सबसे अधिक किसी समाजिक कार्यक्रमों हिस्सा लेने वाले विधायकों में से एक हैं। जो प्रत्येक दिन अनेकों कार्यक्रम में भाग लेने के बाद देर रात तक घर वापस होने के बाद भी सुबह फिर तैयार होकर अगले पड़ाव के लिए निकल पड़ना हर किसी नेता की बस की बात नहीं है। हृदय राम राठिया में जो क्वालिटी है ऐसा लैलूंगा विधान सभा के किसी नेता में नहीं है। उन्हें एक दबंग आदिवासी नेता के रूप प्रसिद्धी प्राप्त हैं। यह भी कहा जाता है कि उनके कार्यकाल में कभी अधिकारी राज हावी नहीं हुआ। अजीत जोगी के साथ उनका व्यक्तिगत लगाव होने के कारण वे उनकी पार्टी में चले गये थे वह एक अलग बात है। नहीं तो वे आज भूपेश बघेल कैबिनेट में बतौर मंत्री मण्डल में कार्य कर रहे होते। आखिरकार समय के अनुसार सुबह का भुला शाम तक घर वापस आ ही जाते हैं। उनके साथ भी कुछ यूं ही हुआ जो कि हृदय राम राठिया का कांग्रेस पार्टी में पुनः वापसी होने से लैलूंगा विधान सभा में कांग्रेस पार्टी में एक जबरदस्त मजबूती आयी है, इसमें कोई दो मत नहीं है। वहीं विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्तमान विधायक चक्रधर सिंह सिदार का पूरे विधान सभा क्षेत्र में बहुत ज्यादा विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसे में यदि कांग्रेस पार्टी पुनः उनके ऊपर विश्वास करके टिकिट देकर चुनाव लड़ाती है तो लैलूंगा विधान से कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्योंकि लैलूंगा विकास खण्ड के सरपंच-सचिवों का कहना है कि लगभग 40 से 45 ग्राम पंचायतों में विधायक मद से इनके कार्यकाल में एक ईंट तक नसीब नहीं हुई तो आप इसका अंदाजा लगा सकते हैं। आखिर प्रत्येक वर्ष का लगभग पांच करोड रूपये की विधायक मद की राशि आखिर गया तो गया कहां? लैलूंगा विकास खण्ड ही नहीं अपितु पूरे विधान सभा की जनता विधायक चक्रधर सिंह सिदार से पूछना चाहती है कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कें इतनीखराब है कि उनके विकास की बात करने पर जनता नाराज होते हैं। चारों ओर भ्रष्टाचार का बोल बाला है। किसी पर कोई अंकुश लगा पाने में नकाम विधायक की कार्यशैली को लोग निष्क्रियता ठप्पा लगा चुके हैं। तो ऐसे में कैसे होगा लैलूंगा में कांग्रेस का बेड़ापार। हालांकि इस बीच यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस यदि चेहरा नहीं बदलती है तो लैलूंगा सीट को खोने को तैयार रहना चाहिए।

शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी-बर्रा में मनाया गया गांधी जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के देश-भक्ति वक्तव्य और उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के दृष्टिकोण और मौलिक नैतिकता के प्रति गहरा समर्पण दिखाया। इस दौरान थवाईत ने सत्याग्रह जिसे 'सत्य की शक्ति' के रूप में अनुवादित किया जा सकता है, प्रेषित अद्वितीय अद्भुत आंदोलन के बारे में बताया। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा, अलबर्ट आइंस्टीन सहित दुनिया के अनुकरणीय दिग्गजों के उदाहरण दिए और गांधी जी के 'मोहन से महात्मा' बनने तक के सफर को उजागर किया।

विदित हो कि इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। खास-तौर पर उनके विकासखंड समन्वयक तन्मय चक्रवती के संबोधन ने समारोह को और भी महत्वपूर्ण बनाया। चक्रवती ने विद्यार्थियों को अपना ज्ञान बढ़ाने, भारत का संविधान पढ़ने, अपने अधिकार जानने और अगर कोई गलत करे तो उसे रोक सकने की शक्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान सहा. प्राध्या. वासुदेव प्रसाद पटेल और आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ज्ञानमणी एक्का ने भी विद्यार्थियों को उनके मार्ग प्रशस्तीकरण में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पटेल ने महात्मा गांधी के आदर्शों और एकता के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत किया। सहा. प्राध्या. एवं रेड क्रॉस नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार राठिया ने भी ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष की गाथा दोहराते हुए वर्तमान में अन्ना हजारे के आंदोलन तक हमें संघर्षों से प्राप्त अमूल्य उपलब्धियों के बारे में सारांश में समझाया। बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र गुलशन महंत ने गांधी के जीवन परिचय और बी.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्रा कु. मधु महंत ने मेरे सपनों का भारत विषय पर जबरदस्त भाषण व बी.एस.सी. अंतिम की छात्रा कु. मनीषा देवांगन ने गांधी जी पर सत्य के पुजारी शीर्षक पर मधुर गीत प्रस्तुत किया। साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों ने स्व. मोहनदास करमचंद गांधी के महात्मा पद पर चलने का प्रण लिया। अभ्यास के दौरान समाज सेवा के बारे में जानकारी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधी के विचारों का महत्व समझाने का मौका मिला। इस दौरान मंच का सफल संचालन राहुल राठौर ने किया। मुख्य लिपिक पी.एल. अनंत, अथिति व्याख्याता रितेश राठौर, रेवती राठिया सहित रानू चंद्रा व ओमकेश्वर सिंह राठिया का विशेष योगदान रहा।

नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में बस्तर बंद

सर्व आदिवासी समाज को मिला कांग्रेस का समर्थन



जगदलपुर/भानुप्रतापपुर/सुकमा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने आज एक दिवसीय बस्तर बंद का आह्वान किया है. कांग्रेस समर्थित इस बंद का असर संभाग के भानुप्रतापपुर-सुकमा सहित संभाग के अनेक शहरी इलाकों में देखा जा रहा है, जहां व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से बंद है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जगदलपुर के दौरे पर हैं. इस दौरान 23,800 करोड़ की लागत से निर्मित नगरनार स्थित एनएमडीसी के स्टील प्लांट को देश को समर्पित करेंगे. इस दौरान स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में आहूत एक दिवसीय बस्तर बंद का असर देखने को मिल रहा है. भानुप्रतापपुर के शहरी इलाके के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुबह से पूरी तरह बंद है.

हालांकि, वाहनों का आवागमन जारी है. भारतीय जनता पार्टी ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की सभा को प्रभावित करने का प्रयास बताया है, वहीं भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री के आगमन से कांग्रेस पार्टी को कोई लेना-देना नहीं है. यह एक संयोग है कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री का बस्तर आगमन हो रहा है. हम नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज प्रमुखों के साथ स्वादिष्ट छत्तीसगढी व्यंजनों का लिया स्वाद

'खाने में परोसा गया मुनगा, लालभाजी, करमत्ता भाजी, सुनसुनिया भाजी, भोतवा भाजी, जिमीकाँदा और बड़ी-बिजौरी

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज सक्ती जिला के डभरा में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डभरा में कार्यक्रम के बाद आदिवासी समाज प्रमुखों के आतिथ्य में भोजन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने समाज के सदस्यों द्वारा सादगी के साथ परोसे गए स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन का स्वाद लिया। आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री को भोजन में चावल-दाल, रोटी के साथ मुनगा, लाल भाजी, करमत्ता भाजी, सुनसुनया भाजी, भोतवा भाजी, जिमीकाँदा और बड़ी-बिजौरी परोसा गया। मुख्यमंत्री को अपने बीच बैठकर भोजन करता पाकर समाज प्रमुख खुशी से गदगद दिखे। आदिवासी समाज प्रमुखों ने मुख्यमंत्री को बताया कि समाज के लोगो को शासन की विभिन्न योजना का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, चंद्रपुर विधायक श्री रामकुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

समाजिक प्रमुखों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

रंगों से उभारा कैनवास देश भक्ति गीतो ने जगाया देश भक्ती का जसबा

कोरबा । महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ में अग्रसेन नव युवक मंच व अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा विभिन्न श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल व अग्रसेन भवन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में किड्स रंग भरो प्रतियोगिता दो वर्ग के लिए आयोजित कि गई जिसमें वर्ग अ में कक्षा 2 तक बच्चों के लिए व वर्ग ब कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए अयोजित कि गई जिसमें 105 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 8वीं तक केलिए अयोजित कि गई जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पैन्टिग प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12वीं बालक एवं बालिकाओं के लिए अयोजित कि गई जिसमें 07 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जहां रंगों को बच्चों ने अपने चित्रों पर लगाया वहीं पेन्टिंग प्रतियोगिता ने खुबसुरत से बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन भवन में कैरिओके गायन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया प्रतियोगिता में देश भक्ति के उपर प्रतिभागियों को गायन प्रस्तुत करना थे वहीं देश भक्ति का रंग विखरा देश के लिए अपने प्राणों को निछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए गये गीतों ने आंखे नम कर दी देश भक्ति के जसवे के साथ यह प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है।

शासकीय विद्यालयों के गरीब विद्यार्थियों को जेईई व नीट की पढ़ाई लिए मिलेगी नि :शुल्क कोचिंग सुविधा-भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शुरू करने की घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण सहित दूरस्थ अंचल तक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 753 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के स्कूल संचालित हो रहे हैं। आज इनकी लोकप्रियता की स्थिति यह है कि इन स्कूलों में एक-एक सीट पर प्रवेश के लिए 10-10 आवेदन आते है। राज्य में आज शुरू की गई स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना भी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी निर्णय और एक अहम कदम साबित होगा। कोचिंग के लिए विद्यार्थियों को कोटा या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब नि:शुल्क कोचिंग से अपना बेहतर कैरियर निर्माण के साथ ही प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने योजना को लेकर स्कूल एवं शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर कोरबा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय साडा कन्या विद्यालय में

साडा कन्या स्कूल में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सौरभ कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के शुभारंभ अवसर पर जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को बधाई दी और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुसार अब शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी स्थानीय स्तर पर नि:शुल्क बेहतर कोचिंग की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इससे कैरियर निर्माण में मदद मिलेगी।

178 छात्र-छात्राओं ने कराया पंजीयन

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने कहा कि स्वामी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत जिले के सभी पांचों ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद कोचिंग की व्यवस्था की गई है। वहीं अर्बन व रूरल सेंटर के रूप में स्वामी आत्मानंद साडा कन्या विद्यालय कोरबा और एनसीडीसी शासकीय स्कूल में कोचिंग के लिए व्यवस्था की गई है। जिले के शासकीय स्कूलों के कुल 178 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। जिसमें 37 बालक एवं 141 बालिकाएं हैं। आगे भी पंजीयन जारी है।

नि :शुल्क कोचिंग योजना हमारे लिए वरदान

नि:शुल्क कोचिंग योजना के शुरू होने से उत्साहित छात्रा कुमारी रुचि गुप्ता ने कहा कि स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना उनके लिए वरदान है। क्योंकि महंगे कोचिंग का खर्च उनका परिवार वहन नहीं कर सकताए लेकिन अब पढ़ाई में सुविधा होगी। इसी प्रकार छात्रा कुमारी लता गोंड ने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहती है, लेकिन कोचिंग के लिए बाहर जाने एवं उसका खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है। शासन की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना से अब उसका सपना पूरा हो सकेगा। इस योजना को शुरू करने हेतु विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएमसी संजय सिंह, साडा कन्या स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और 04 शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की बड़ी घोषणा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के शुभारंभ अवसर पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आज नीट एवं जेईई की ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 146 विकासखण्डों एवं 4 शहरों में की जा रही है। निकट भविष्य में हम पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी सभी विकासखण्डों में प्रारंभ की जाएगी।

सीरत कपूर ने आओ ना से सिंगर के रूप में किया डेब्यू

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस सीरत कपूर ने आओ ना गाने से अपने सिंगिंग की शुरुआत की है, जो मंगलवार को जारी किया गया। गाने में अमन प्रीत सिंह भी हैं जो एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई हैं।

रोमांटिक टाइटल ट्रैक दिल छू लेने वाला गाना है। इसमें सीरत कपूर और अमन प्रीत के बीच शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है।

गाने के म्यूजिक वीडियो में अमन प्रीत फोटोग्राफर के रोल में हैं और सीरत कपूर एक सुपर मॉडल हैं। अमन सीरत की सुंदरता की ओर खींचे चले जाते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। वह सीरत को अपनी गर्लफ्रेंड के रूप में कल्पना करते हैं और उसके साथ बेहतरीन समय बिताते हैं।

साउथ में डेब्यू के लिए तैयार हैं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, राम चरण के साथ करेंगी रोमांस

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन और अनिल थंडानी की बेटी राशा थंडानी जल्द ही फिल्मों में कदम रखेंगी. रवीना ने जिस तरह लाखों फैंस के दिलों पर राज किया है, राशा से भी फैंस को वहीं उम्मीदें हैं. सोशल मीडिया पर यूं भी राशा अपनी खूबसूरती और ग्लैमर के लिए छाई रहती हैं. अक्सर उन्हें पैपराजी द्वारा स्पॉट किया जाता है. फैशन और स्टाइल से राशा ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है. अब वो बड़े पर्दे पर अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगी. खबर है कि स्टार किड राशा साउथ इंडस्ट्री से फिल्मों में ग्रैंड एंट्री मारेंगी. साथ ही उन्हें एक बड़े सुपरस्टार के साथ भी काम करने का मौका मिलने जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, राशा एक तेलुगु फिल्म में लीड हीरोइन बनने जा रही हैं. फिलहाल इस प्रोजोकेट पर अभी बातचीत चल रही हैं. फिल्म की खास बात ये है कि इसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण लीड हीरो हैं. राशा और रामचरण की जोड़ी बन सकती है. दूसरी ओर हम ये भी कह सकते हैं कि राशा खुद से करीब 20 साल बड़े एक्टर संग रोमांस करते दिखेंगी, 38 वर्षीय स्टार राम चरण जल्द एक हाई लेवल प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहे हैं. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि संबंधित फिल्म के निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि राशा इस भूमिका में फिट बैठती हैं, और जल्द ही एक्ट्रेस इस फिल्म को साइन कर सकती हैं. हालांकि, इस मामले पर रवीना टंडन, राशा या राम चरण की आधिकारिक टिप्पणी का इंतजार है. रवीना टंडन ने पहले बताया था कि वो चाहती हैं राशा बॉलीवुड में कदम रखने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी कर लें. भले ही वह बॉलीवुड में अपना नाम कमाएं या नहीं, लेकिन उन्हें इतन एजुकेटेड होना चाहिए कि वो अपने पैरों पर खड़ी हो सकें.

श्वेता तिवारी ने गिराई हुस्न की बिजलियां

42 की उम्र में इतने ग्लैमरस अंदाज में आई नजर

श्वेता तिवारी ने बेशक अपनी अदाकारी से हमेशा ही दर्शकों का दिल जीता है, लेकिन पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस अपने लुक्स के कारण काफी चर्चा में बनी हुई हैं. इन दिनों लगातार श्वेता अपने स्टाइलिश लुक्स दिखा रही हैं. उनकी हर अदा को देखकर ऐसा लगता है कि वह वक्त के साथ और ज्यादा बोल्ड और हॉट होती जा रही है.

वहीं, एक्ट्रेस अपनी फिटनेस से भी सभी के होश उड़ा रही हैं. अब फिर से श्वेता का नया स्टाइलिश लुक काफी वायरल हो रहा है. श्वेता ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपना नया लुक शेयर किया है. लेटेस्ट फोटोशूट के लिए एक्ट्रेस ने ब्राउन शेड की शॉर्ट ड्रेस और मैचिंग का क्रॉप ब्लेजर कैरी किया है. इसके साथ उन्होंने ब्लैक क्रॉप टॉप पहना है और ब्लेजर के बटन खोलकर कैमरे के सामने स्टाइलिश पोज दिए हैं. एक्ट्रेस इस लिक में स्टनिंग दिख रही हैं. उन्होंने हुस्न के जलवे बिखेरते हुए एक से एक पोज दिए हैं. श्वेता ने अपने स्टाइलिश लुक को सटल बेस, न्यूड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने बालों को सॉफ्ट कर्ली टच देकर ओपन रखा है. एक्सेसरीज के तौर पर श्वेता ने कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस इस लुक में बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं. खासतौर पर उनका कर्वी फिगर फिर सबका ध्यान खींच रहा है. दूसरी ओर वहीं, श्वेता के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो इन दिनों वह रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस हम तुम एंड दैम टाइटल से बन रही सीरीज में भी नजर आएंगी. फैंस उन्हें फिर नए अंदाज में पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं.

खतरों के खिलाड़ी में मिला शेर खान का टैग मेरे लिए गेम चेंजर हुआ साबित: हिना खान

खतरों के खिलाड़ी सीजन 8 की फाइनलिस्ट शेर खान के नाम से मशहूर एक्ट्रेस हिना खान ने अपने इस टैग के बारे में खुलकर कहा कि यह कितना अच्छा था और इसने वास्तव में उनकी दुनिया बदल दी।

हिना ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में चैलेंजर के तौर पर वापसी की है।

स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो हर गुजरते हफ्ते के साथ डर को एक नए लेवल पर बढ़ा रहा है।

एक्शन मास्टर और शो के होस्ट रोहित शेट्टी, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के जंगल में पहले कभी नहीं देखे गए स्टंट और कंस्टेंट्स के साथ मौजूद हैं। चैलेंजर हिना ने शो में वापसी पर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। खतरों के खिलाड़ी 8 में फाइनलिस्ट बनने के बाद से वह एक व्यक्ति के रूप में कैसे विकसित हुई हैं, इस पर एक्ट्रेस ने कहा: मैं हर मायने में ज्यादा साहसी हो गयी हूं, न केवल फिजिकल ट्रायल का सामना करने में बल्कि जीवन की अप्रत्याशितता को अपनाने में भी। मैंने वास्तविक दुनिया और रील दोनों में नई चुनौतियों का खुली बांहों से स्वागत करना सीख लिया है। हिना ने कहा, निडरता की इस नई भावना ने अवसरों और रोमांच की एक ऐसी दुनिया खोल दी है जिसे तलाशने में मुझे कभी झिझक होती थी। किसी भी चीज से ज्यादा, यह यात्रा खुद को आगे बढ़ाने की है। यह शो जीवन बदलने वाला अनुभव था जिसने मुझे अंदर से बाहर तक बदल दिया।

फुकरे 3 की लगी लॉटरी!

ऋचा-पुलकित की कॉमेडी फिल्म ने वीकेंड पर किया शानदार कलेक्शन

फुकरे 3 पिछले महीने 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. कॉमेडी ड्रामा फिल्म में ऋचा चड्ढा, पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी और मनजोत सिंह ने लीड किरदार अदा किए हैं. फिल्म ने अपनी रिलीज के शुरुआती दो दिनों में कुछ खास कलेक्शन नहीं किया था लेकिन तीसरे दिन वीकेंड होने के चलते फुकरे 3 ने अच्छी कमाई की है. फुकरे 3 ने पहले दिन 8.82 करोड़ कमाए थे, वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 7.81 करोड़ रुपए की कमाई की थी. अब तीसरे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के मुताबिक फुकरे 3 ने तीसरे दिन 11.67 करोड़ रुपए का कारोबार किया है और इस तरह फिल्म ने कुल 28.30 करोड़ कमा लिए हैं.

खिचड़ी 2 का ट्रेलर हुआ आउट, एक बार फिर हंसाने की सुनामी लेकर आ रहा पारेख परिवार

दर्शकों को एक बार फिर हंसी से लोटपोट करने के लिए पारेख परिवार खिचड़ी 2 लेकर बड़े पर्दे पर लौट रहा है।छोटे पर्दे पर वर्षों तक लोगों का मनोरंजन करने के बाद 2010 में फिल्म खिचड़ी आई थी और अब 13 साल बाद इसका दूसरा भाग आने वाला है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है, जो काफी मजेदार है, जिसमें टाइगर और पठान के बाद ये परिवार ही एक मिशन पर जाने की तैयारी कर रहा है। खिचड़ी 2 मिशन पंथुकिस्तान का टीजर रिलीज होते ही छा गया है और प्रशंसक भी काफी उत्सुक हैं।टीजर की शुरुआत शाहरुख खान के किरदार पठान और सलमान खान के टाइगर के जिक्र के साथ हुई और इस परिवार को 5 करोड़ रुपये के बदले एक खुफिया मिशन पर जाने के लिए कहा गया।पारेख परिवार मिशन के लिए निकलता तो है पर हिमांशु लापता हो जाता है। ऐसे में यह देखना मजेदार होगा कि मिशन पूरा होगा या नहीं। खिचड़ी 2 मिशन पंथुकिस्तान 17 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में टाइगर 3 की 10 नवंबर को रिलीज के एक हफ्ते बाद पारेख परिवार अपने मिशन पर निकलेगा। हैट्सऑफ प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत इस एडवेंचर-कॉमेडी फिल्म के निर्माता जमनादास मजेठिया हैं।इसके लेखन और निर्देशन की कमान आतिश कपाड़िया ने संभाली है, जिन्होंने पहले भाग का निर्देशन भी किया था और अब 13 साल बाद इसके दूसरे भाग को पर्दे पर ला रहे हैं। खिचड़ी में सुप्रिया पाठक हंसा और राजीव मेहता प्रफुल्ल के किरदार में एक बार फिर लोगों को हंसाने के लिए तैयार हैं।

खेल

वनडे वर्ल्ड कप 2023 वॉर्म-अप मैच: इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराया; न्यूजीलैंड 7 रन से जीता

वनडे वर्ल्ड कप में सोमवार को 2 वॉर्म-अप मुकाबले खेले गए। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराया। वहीं तिरुअनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को DLS मेथड के तहत 7 रन से हराया। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में बारिश के कारण मुकाबला 37-37 ओवर का किया गया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, टीम से मेहदी हसन मिराज ने 74 रन की पारी खेली। ओपनर तंजिद हसन ने 45 रन बनाए, लेकिन बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। टीम ने 37 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए।

इंग्लैंड से रीस टॉप्ली ने 3, वहीं डेविड विली और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट लिए। सैम करन और मार्क वुड को 1-1 विकेट मिला।

इंग्लैंड ने 25वें ओवर में टारगेट चेज किया

इंग्लैंड को DLS मेथड के तहत 197 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। टीम से जॉनी बेयरस्टो ने 21 गेंद पर ही 34 रन की पारी खेल कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 26, हैरी ब्रूक ने 17 और जोस बटलर ने 30 रन की पारी खेली। आखिरी में मोईन अली ने 56 रन की पारी खेली और 25वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी।

बांग्लादेश से मुस्तफिजुर रहमान ने 2 विकेट लिए। वहीं हसन महमूद, शोरिफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद और नसुम अहमद को 1-1 विकेट मिला।

दोनों टीमों का स्क्वॉड

इंग्लैंड- जोस बटलर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, डेविड मलान, जो रूट, मोईन अली, सैम करन, लियम लिविंगस्टन, बेन स्टोक्स, डेविड विली, क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, आदिल रशीद, रीस टॉप्ली और मार्क वुड।

बांग्लादेश- शाकिब अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शांतो, लिट्टन दास, मुशफिकुर रहीम, तंजिद हसन तमीम, तौहीद हृदॉय, मेहदी हसन, मेहदी हसन मिराज, महमूदुल्लाह रियाद, हसन महमूद, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब और तस्कीन अहमद।

बारिश के कारण 7 रन से हारा साउथ अफ्रीका

322 रन के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने की शुरुआत खराब रही। रीजा हेंड्रिक्स गोल्डन डक बनाकर पवेलियन लौटे। रासी वान डर डसन ने 51 रन बनाकर पारी संभाली, लेकिन वह मिचेल सैंटनर का शिकार हो गए। उनके बाद ऐडन मार्करम 13 और हेनरिक क्लासन 39 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

क्विंटन डी कॉक एक एंड पर टिके रहे, उन्होंने फिफ्टी बनाई और डेविड मिलर के साथ पारी आगे बढ़ाई। साउथ अफ्रीका ने 37 ओवर में 4 विकेट पर 211 रन बना लिए थे, तभी बारिश आ गई। बारिश बंद नहीं हुई और अंपायर ने DLS मेथड के तहत फैसला निकाला और न्यूजीलैंड को 7 रन से जीत मिली।

एक नजर

एशियाड के दसवें दिन भारत को दो ब्रॉन्ज

अर्जुन-सुनील की जोड़ी ने कैनो और प्रीति ने बॉक्सिंग में दिलाया कांस्य; लवलीना ने ओलिंपिक कोटा हासिल किया

हांगझो। भारत के लिए पहले 1000 मीटर कैनो स्प्रिंट में अर्जुन सिंह और सुनील सलाम ने 3 मिनट 53.329 सेकेंड्स में रेस पूरी कर मेडल अपने नाम किया। इसके बाद बॉक्सिंग के विमेंस 50-54कग्र इवेंट में भारत की प्रीति को सेमीफाइनल में हार मिली और उन्हें ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा। दूसरी ओर भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग विमेंस 50-54कग्र इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए इस इवेंट में ओलिंपिक कोटा भी हासिल किया। भारत ने आर्चरी में एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल पक्के किए हैं। गोल्ड मेडल मैच कल होंगे। चीन के हांगझोउ में हमारे प्लेयर्स अब तक 13 गोल्ड 24 सिल्वर और 25 ब्रॉन्ज समेत कुल 62 मेडल जीत चुके हैं।

एशियाड में स्वप्ना का आरोप- मैं ट्रांसजेंडर से ब्रॉन्ज हारी

नंदिनी का जवाब- आरोप झूठे, AFI में शिकायत करूंगी; दोनों भारतीय एथलीट

हांगझाउ में हेप्टाथलॉन का ब्रॉन्ज गंवाने के बाद भारतीय एथलीट स्वप्ना बर्मन ने ब्रॉन्ज मेडलिस्ट नंदिनी अगसारा पर ट्रांसजेंडर होने के आरोप लगाए हैं, इन आरोपों पर नंदिनी ने कहा है कि उन पर लगे आरोप झूठे हैं और वे AFI में इसकी शिकायत करेंगी।

शुरुआत में समझिए हेप्टाथलॉन

हेप्टाथलॉन, एथलेटिक्स के ट्रैक एंड फील्ड इवेंट का मिलाजुला कॉम्पीटशन है। इसमें एक खिलाड़ी को 7 इवेंट में हिस्सा लेना पड़ता है। इनमें 100 मीटर बाधा दौड़, हाई जंप, शॉट पुट, 200 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, जेवलिन थ्रो और 800 मीटर दौड़ शामिल हैं। इस दो दिनी कॉम्पटीशन में 7 अलग-अलग इवेंट्स के पॉइंट्स जोड़कर फाइनल रैंकिंग निकाली जाती है। फाइनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। इसमें हर इवेंट में अलग-अलग अंक मिलते हैं।

वर्ल्ड कप सीरीज, पार्ट-8:दो टीमों के पॉइंट्स बराबर रहे तो क्या होगा, रिजर्व-डे है या नहीं; टूर्नामेंट से जुड़े सभी सवालों के जवाब

वनडे वर्ल्ड कप शुरू होने में 2 ही दिन बाकी रह गए हैं। 4 अक्टूबर को ओपनिंग सेरेमनी के बाद 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के ही नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ओपनिंग मुकाबला होगा। 10 टीमें राउंड रॉबिन स्टेज में 45 मुकाबले खेलेंगी। इन्हीं में से 4 टीमें सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेंगी। 19 नवंबर को अहमदाबाद में टूर्नामेंट का फाइनल होगा।

कितनी टीमें और कितने लीग मैच होंगे?

2019 वर्ल्ड कप की तरह इस बार भी 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। मेजबान भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, नीदरलैंड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी टूर्नामेंट खेलेंगी। 10 टीमें राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ 9-9 मुकाबले खेलेंगी। यानी लीग स्टेज में कुल 45 मुकाबले होंगे। नॉकआउट स्टेज में 2 सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा।

लीग स्टेज के 45 में से 39 मुकाबले डे-नाइट होंगे, वहीं 6 मुकाबले दिन के रहेंगे। डे-नाइट मैच दोपहर 2 बजे शुरू होंगे, वहीं दिन के मुकाबले सुबह 10:30 और 11:30 बजे शुरू होंगे।

मुकाबले कहां होंगे?

भारत के 10 शहरों में टूर्नामेंट के 48 मैच होंगे। हैदराबाद में 3 मैच होंगे, बाकी 9 शहरों में 5-5 मुकाबले खेले जाएंगे। इन 9 शहरों में अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई, धर्मशाला, लखनऊ और पुणे शामिल हैं। हैदराबाद में 2 वॉर्म-अप मुकाबले भी खेले गए।

भारतीय क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में- क्वार्टर फाइनल में नेपाल को 23 रन से हराया

यशस्वी जायसवाल का शतक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 202 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन शतक जमाया। उन्होंने 49 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 15 गेंद पर 37 रन बनाए। जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी।

सेमीफाइनल में बांग्लादेश से हो सकती है भिड़ंत

सेमीफाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और मलेशिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से 6 अक्टूबर को होगा।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को मेंस क्रिकेट इवेंट में सीधा क्वार्टर फाइनल में एंट्री मिली है। वहीं, नेपाल की टीम ग्रुप स्टेज में मंगोलिया और मालदीप को हराकर अंतिम-8 में पहुंची थी।

नेपाल की पारी

टारगेट का पीछा करते हुए नेपाल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी। नेपाल के लिए सबसे ज्यादा रन दीपेंद्र सिंह ऐरी ने बनाए। उन्होंने 15 बॉल पर 32 रन की पारी खेली। उनके अलावा संदीप जोरा और कुशल मल्ला ने 29-29 रन का योगदान दिया। कुशल भुर्तेल 28 रन बनाए।

बीलभद्र का सपना हुआ पुरा दो दशक तक चलता फिरता ब्लड के रूप में करता था समाज सेवक

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।

दो दशक पहले खून के अभाव में जब मरीजों की जान जा रही थी तब देवभोग के युवा बिलभद्र यादव न केवल इलाके के लिए चलता फि रता बल्ड बैंक बने बल्कि देवभोग में बल्ड बैंक नही खुलते तक वैवाहिक बंधन में भी न बंधने की शपथ खा ली। 45 की उम्र में 58 बार किया रक्त दान,200 युवाओं का समूह बना कर सैकड़ों लोगो को दिलाया रक्त,अब जाकर देवभोग में ब्लड यूनिट खुला है। अब जाकर समाजसेवक बीलभद्र का सपना पूरा हुआ।

23 वर्ष के उम्र में पहला रक्तदान

देवभोग के वार्ड क्रमांक 3 में रहने वाले बीलभद्र यादव 23 साल पहले खून के लिए भटक रहे गायनिक समस्या से जूझ रही महिला सावित्री सिंदूर के लिए पहली बार रक्त दान किए। अविभाजित छत्तीसगढ़ में प्रशासन की बागडोर तब भोपाल से संचालित थी। स्वास्थ्य सेवा के नाम पर देवभोग में केवल एक डॉक्टर के भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित था। उच्च सेवा के लिए रायपुर 221 किमी दूर थाएलिहाजा इलाके की सारी आबादी ओडिसा के कालाहांडी

जिले पर निर्भर थी। आज भी पूरी तरह से स्वास्थ्य सावित्री बाई बताती है कि खून नही मिलने के कारण तीन दिन तक ऑपरेशन टाल दिया गया था। फिर बिलभद्र को पता चला तब इनकी उम्र 22 साल की थी। सिंदूर परिवार की मदद के लिए बीलभद्र ने भवानीपटना में पहला रक्त दान किया। इसके बाद रक्त दान का सिलसिला जारी रहा।

ब्लड बैंक को लेकर कई बार शासन से मांग

देवभोग में ब्लड की कमी से मरीजों की मौत की समस्या को देखते हुए यादव ने बार बार शाशन प्रशासन को बल्ड बैंक की सुविधा दिलाने मांग पत्र भेजा। छत्तीसगढ़ आस्तित्व में आने के बाद हर उस दफ्तर तक अपनी मांग पहुचाया जहा से उन्हें उम्मीद थी। उनकी कोशिश जारी रही लेकिन बिजली की परेशानी इस मांग के लिए रोड़ा

बन रहा रहा। बल्ड स्टोरेज के लिए जरूरी उपकरण चलने लायक बिजली नहीं थी। आखिरकार 2023 में 132 लाइन की सुविधा मिली वोल्टेज पर्याप्त आया और बिजली नियमित रहना शुरू हुआ। तीन माह पहले ही देवभोग में बल्ड स्टोरेज यूनिट खोला गया। बीएमओ डॉक्टर सुनील रेड्डी ने कहा किए यहां अब तत्काल जरूरत मंद को बल्ड मिलेगा। संस्था ने पहला रक्तदान शिविर 29 सितंबर को आयोजित किया। इस शिविर में 45 साल के हो चुके बीलभद्र यादव ने 58वी बार रक्त दान कर शिविर का शुरुवात किया। यादव से प्रेरित होकर 23 अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया है।

अब जीवनसाथी ना मिले तो भी चलेगा ऐसा कहा बीलभद्र ने

बीलभद्र ने कहा कि मेरा संकल्प पुरा हुआ।उम्र के 45वर्ष के पड़ाव में मुझे जीवन साथी मिले न मिले इस बात का कोई गम नही रहेगा,लेकिन खुशी जिंदगी भर के लिए रहेगी की मैं जरूरत मंद लोगों की काम आता रहूंगा।

2003 में विवाह न करने का लिया संकल्प

छत्तीसगढ़ आस्तित्व में आने के बाद जोगी सरकार बनाए सरकार आते ही सुविधा व संसाधन बढ़ने लगे थे।2003 में भाजपा सरकार के आते ही प्रदेश में मूलभूत सुविधाएं पटरी में आना शुरू हुआ था।तब यादव ने प्रदेश सरकार से बल्ड बैंक की मांग शुरू कर दिया था। यही वो समय था जब बिलभद्र ने बल्ड बैंक नही खुलते तक विवाह नही करने का संकल्प ले लिया।इसकी वजह पूछने पर बताते हैं की पारिवारिक जिम्मेदारी सार्वजनिक जिम्मेदारी पर बाधा बन जाती। भौतिक व शारीरिक रूप से मैं प्रभावित रहता।मांग महत्वपूर्ण था। मुझे लगा था कि इसे सरकार प्राथमिकता में रखेगी लेकिन सोच के विपरीत हुआ। पिछले 20 साल में 50 से भी ज्यादा आवेदन किया गया। अब जाकर ब्लड स्टोरेज यूनिट खुला।

स्वच्छता व नशा मुक्ति के खिलाफ भी चलाया अभियान

बीलभद्र बचपन से ही गांधी वादी विचार धार से प्रभावित थे। 12 वी पढ़ने के बाद आईटीआई की शिक्षा लेने वाले यादव की दिन की शुरुवात गांधी वंदन से होती है। पिछले 15 साल से यादव स्वच्छता व नशामुक्ति का अभियान चलाते आ रहे है। उनके साथ जुड़े युवाओं की टोली रक्त दान,स्वच्छता व नशा मुक्ति के अभियान में सहयोग करते हैं। रक्तदान दाता समूह के नाम से एक वाट्स ग्रुप से अपने अभियान को गति से रहे हैं। पिछले 10 साल से यादव देवभोग पंचायत के वार्ड 3 के पंच है। ये इकलौता ऐसे पंच है जो फावड़ा लेकर नालियों की सफाई खुद करते हैं। इन्हे देवभोग रत्न के अलावा जिला पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन के नवरत्न में का भी दर्जा मिला हुआ है।

एक नजर

भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े हुए दुर्घटना का शिकार

जोहार छत्तीसगढ़–कसडोल।

मिली जानकारी के अनुसार भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े सरसींवा से अपने घर बरभांठा लौटते वक्त दुर्घटना का शिकार हो गए। राजकुमार जांगड़े अपने घर के लिए दवाई, लेने के लिए बाइक से शाम को निकले थे। सरसींवा से दवाई लेकर लौटते वक्त करीब शाम 7 बजे गांव कोदवा के राइस मिल के पास राजकुमार जांगड़े का बाईक आवारा कुत्तों के चपेट में आ गया जानकारी के मुताबिक वे स्वयं बाइक चला रहे जो अनियंत्रित होकर गिर जाने से उनको गंभीर चोटे आई है आनन–फानन में आने जाने वाले राहगीरों द्वारा राजकुमार जांगड़े का पहचान कर परिवार एवं भीम आर्मी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सुचना दी गई। जिससे उन्हें सारंगढ़ स्थित राधा कृष्ण हास्पिटल ले जाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा फर्स्ट एड इलाज किया गया सिर में गहरा चोट पाया गया जिसके बाद उन्हें सारंगढ़ राधा कृष्ण हास्पिटल से रायपुर स्थित नारायणा हास्पिटल रिफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजन एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ता उनके साथ बने हुए हैं। भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े के स्वास्थ्य को कुछ परसेंट बेहतर सुधार आया है हालांकि अभी आईसीयू में ही हैं हायर एंटीबायोटिक दवाइयां चल रही है लेकिन डॉक्टरों के कथन अनुसार वह अभी खतरे से बाहर हैं। जांगड़े का इलाज लंबा समय तक चल सकता है यह उनके शरीर के रिकवर करने की क्षमता से तय होगा। बहुजन समाज के लोग उनके जल्द अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं।

अग्रसेन जयंती पुस्तिका का किया गया विमोचन

जोहार छत्तीसगढ़–पत्थलगांव

पत्थलगांव अग्रवाल समाज हमेशा से ही पूरे छत्तीसगढ़ में सामाजिक कार्य के लिए अव्वल रहा है पत्थलगांव में हर साल अग्रसेन जयंती बड़े ही धूमधाम एवं सामाजिक वातावरण में बनाई जाती है पत्थलगांव की अग्रसेन जयंती का 51 वा वर्ष है जहां पुरे देश में भगवान अग्रसेन जी की 5147 में जयंती मनाई जा रही है जिसके लिए अग्रवाल समाज के नवयुवक समिति ने पहले से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं आज अग्रसेन जयंती के लिए पत्रिका का विमोचन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष पूजा अग्रवाल अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष हैप्पी गर्ग,संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल, रामलाल अग्रवाल रामावतार अग्रवाल, भीमराज गोयल,पवन अग्रवाल,मीनू सिंहल सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के सभी उपस्थित रहे। अग्रसेन जयंती पत्रिका विमोचन के पूर्व भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पत्थलगांव अग्रवाल समाज के नवयुवकों

द्वारा 7 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेलकूद के 100 से भी ज्यादा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा।7 जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर महिलाओं के साथ पुरुषों की भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। इस वर्ष अग्रसेन जयंती पर महिलाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र फ ोक डांस, घर–घर की कहानी के साथ महिलाओं के लिए रास्सा खींच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। पत्थलगांव अग्रसेन में जयंती पूरे सप्ताह भर पारिवारिक,सामाजिक माहौल में पूर्ण रूप से मनाई जाती है जिसमें समाज के बच्चों से लेकर बड़े तक हर कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं एवं सामाजिक एकता का परिचय देते हुए सभी प्रतियोगिताओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाती है। अग्रवाल महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष अर्चना गर्ग,अंजू गर्ग, मंजू अग्रवाल मीनू, निशा अग्रवाल, मीरा गोयलजग्गी अग्रवाल, अनिल मित्तल, रामनिवास जिंदल,श्यआमएं अग्रवाल, प्रयागराज अग्रवाल,सुनील अग्रवाल, हेमंत लुड़ेग, नरेश झलक, परशुराम अग्रवाल, मधु अग्रवाल, प्रवीण गर्ग,देवेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अरूण ज्योति, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल विकास अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश पार्षद सहित सभी अग्रवाल समाज के मौजूद रहे।

अग्रवाल ने युवक समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष हैप्पी गग, सचिव शिखर बंसल, कोषाध्यक्ष प्रतीक गग, इवेंट मैनेजमेंट सारांश अग्रवाल, संपादक पियुष गर्ग, उपाध्यक्ष नमन बंसल,आयुष बंसल,आयुष गर्ग, सचिन गोयल, सहसचिव ऋषभ जिंदल, चिराग अग्रवाल, सहकओषआध्यक्ष गौरव गर्ग, स्वयं बंसल, कार्यक्रम संचालन नेहल सिंघल,नमन अग्रवाल प्रियस अग्रवाल,यश अग्रवाल, क्रीड़ा प्रभारी विषेश अग्रवाल,वीर सिंघल, आर्यन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, सोमिल सिंघल, आदित्य गर्ग, हर्ष गर्ग,अक्षत सिंघल,सुजल अग्रवाल, मयंक बंसल, संकेत गोयल,शिवांश गर्ग, आर्यन बंसल,आकाश अग्रवाल,सिद्धार्थ गर्ग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का शुभारंभ

जिले के पांचों विकासखण्ड मुख्यालय में एक-एक कोचिंग सेंटर शुरू

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का ऑनलाईन शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे,छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार में पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय, भाटापारा में पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कसडोल में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय एसिमगा में स्वामी आत्मन्द उत्कृष्ट विद्यालय तथा पलारी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना के तहत कोचिंग सेंटर की शुरूअत हुई। स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना में बच्चों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की उच्च

*** नीट और जेईई की तैयारी के लिए मिलेगा उच्च स्तरीय नि:शुल्क कोचिंग**

*** अब तक 267 बच्चों ने कराया पंजीयन**

स्तरीय कोचिंग नि:शुल्क दी जाएगी। कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्था एलन कोंचिंग इंस्टिट्यूट से एमओयू किया गया है जो रायपुर से ऑनलाइन माध्यम से सभी कोचिंग सेण्टर से जुड़कर कक्षा 12 के गणित व जीव विज्ञान विषय के बच्चों को मेथ्स, केमिस्ट्री,फिजिक्स एवं बायलॉजी की कोचिंग दी जाएगी। ऑनलाइन कोचिंग के लिए सभी सेंटर में नेटवर्क सहित अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था कर ली गई है। ऑनलाईन कोचिंग के दौरान बच्चों को स्थानीय स्तर पर सपोर्ट के लिये प्रत्येक सेंटर में नोडल अधिकारी बनाए गए है। कोचिंग के लिए अब तक पांचों विकासखंड में कुल 267 बच्चों ने पंजीयन कराया है जिसमे नीट के लिए 210 एवं जेईई के लिए 57 बच्चे शामिल है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

राजमहंत पुलस्त्य कुमार घृतलहरे रिटायर्ड कृषि अधिकारी का जन समर्थन जारी

जोहार छत्तीसगढ़–कसडोल।

बहुचर्चित विधानसभा सीट बिलाईगढ़ अ.जा.सुरक्षित के लिये कांग्रेस पार्टी से टिकिट हेतु लम्बी कतारों में से एक नाम रिटायर्ड कृषि अधिकारी राजमहंत पुलस्त्य कुमार घृतलहरे नगर पंचायत टुण्डरा निवासी का नाम दिनों दिन जन मानस के जुबां पर बसता जा रहा है क्योंकि वह इसी अंचल के गांवों से ग्राम स्तरीय अधिकारी से विकास खंड स्तरीय अधिकारी तक के पदीय कर्तव्यों का निर्वहन पूरे 38 वर्ष गांव गलियों में रहते राज्य शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करते हुये एक विशेष पहचान बनाएं हुयें है। सादा जीवन उच्चविचार के धनी एक कुशल सामाजिक चिंतक के रुप में जाने जाने वाले व्यक्ति हैं। शासकीय सेवानिवृत होने के बाद

छत्तीसगढ़ शासन को योजनाओं को जन सेवक के रूप में भी आगे बढाने की ललक के साथ अपना भाग्य आजमा रहे हैं। प्रतिदिन दूर–दराज के गांवों में लोगों से सम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी के रीति नीति को चौंक चराहों में प्रचारित करते हुये अपनी भी प्रबल दावेदारी रहने की बात कहते हुये टिकिट मिल पाने संघर्षरत हैं। उनकी सहजता का असर अन्य विचार धारा के पार्टी को भी निश्चित रुप से प्रभावित करेगा। आज आवश्यकता है ऐसी सोंच विचार के धनी को एक मौका देने का।

जनसंपर्क की इसी कड़ी में आज वनांचल के जोगीडीपा,आमाकछार,बगमल्ला, बोडा,बोडाडीह,पिरदा गांव आदि में जन सम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने एवं भरोसे की सरकार पर पुन: भरोसा करने का निवेदन किया। कृषि अधिकारी होने के नाते खेती किसानी फसलों का हाल चाल भी जाना एवं अधिक मेहनत कर आने वाले दिनों में प्रति एकड 20 क्विंटल धान बेच कर राजीव गांधी किसान न्याय योजना धान बोनस का अधिक से अधिक ले कर समृद्ध होने शुभकामना दिये।

राज्यस्तरीय गोला फेंक में नित्यानंद ने जीता रजत पदक

पहले स्थान के लिये चुका,दंतेवाड़ा के युवक को मिला स्वर्ण पदक

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।

बचपन में पत्थर फेंकते–फेंकते गोला फेंक में देवभोग बस्तीपारा के नित्यानंद निषाद ने 2अक्टुबर को आयोजित राज्यस्तरीय गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया है। नित्यानंद इसके पहले भी कई बार जिला और राज्य स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता को अपने खाते में डाल लिया है। 02अक्टुबर गांधी जयंती के दिन बिलासपुर में आयोजित विभिन्न विधाओं में 27 प्रतिभागियो ने भाग लिया था। जिसमें गोला फेंक भी शामिल था। आयोजित इस राज्य स्तरीय गोला फेंक में पहले राउंड पर नित्यानंद ने सबसे अधिक फेंका था दूसरे चरण में दंतेवाडा के युवक ने नित्यानंद से 5 सेंमी अधिक फेंकर स्वर्ण पदक को अपने नाम कर

लिया तो वही रजत पदक नित्यानंद ने हासिल कर लिया।

छः स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीतने वाले जिले के पहले शख्स

20 वर्षीय नित्यानंद को गोला फेंक में जिलाए संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आठ बार गौरव हासिल किया है जिसमे छह बार स्वर्ण और दो बार रजत पदक से नवाजा गया है। नित्यानंद अभी तक जिलास्तरीय कई बार,16 राज्य स्तरीय और एक बार नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर 6 स्वर्ण पदक 2 रजत पदक हासिल किया है। गरियाबंद रायपुर, बिलासपुर सहित रायपुर कोटा, हैदराबाद सहित कई जगह खेल चुका है। वही नेशनल लेवल पर दिल्ली और कोटा राजस्थान भी अवसर मिला था मगर आर्थिक कमजोरी की वजह से नही खेल सका।

कब पूरी होगी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अभिलाषा

नित्यानंद एक गरीब परिवार का सदस्य है बचपन से खेल से अपना कैरियर बनाने की अभिलाषा है जिला राज्य और राष्ट्रीय गोला फेंक खेलने के बाद नित्यानंद चाहता है वो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देश का गौरव बढाये मगर नित्यानंद के सामने गरीबी सबसे बड़ा रोडा है जिसके चलते कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाता। नित्यानंद के पिता शिवलाल और माता सरिता भी यही चाहते है और उन्हे विश्वास है उनका बेटा एक दिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देश के लिये स्वर्ण पदक जीतकर लायेगा।

10 करोड़ 71 लाख की लागत से बनेगी 4 ग्रामीण सड़क, विधायक यू.डी. मिंज ने किया भूमिपूजन

रायभाट और महाकुल समाज के सामाजिक भवन का भी हुआ लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

कुनकुरी विधानसभा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है जहां गांव गांव में पक्की सड़क शहर तक जुड़ रही है। तेज तर्रार विधायक यूडी मिंज अपने विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर काफी एक्टिव हैं हाल ही में कुनकुरी नगर पंचायत में लगभग 100 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया हैं जिसमें सीसी रोड, चौक सौंदर्यीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण, छठ घाट निर्माण, पुष्प वाटिका, वॉटर सप्लाई सिस्टम, मुक्ति धाम, से लेकर कई अन्य योजना का भूमिपूजन किया जा चुका है इतना ही नहीं बल्कि पूरे विधानसभा में सड़क, पुल, पुलिया, सामूदायिक और सामाजिक भवन,सहित ग्रामीणों के हितकारी मांग पर भी खरे उतर रहे हैं। इसी तारतम्य में कुनकुरी विधानसभा के ग्राम घटमुंडा, अंबाचुंवा, खरवाटोली, नवापारा में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात दी है जिसमें राहगीरों को असुविधा से छुटकारा मिलेगा। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की हमें क्षेत्र में और ढेर सारे विकास के कार्य करने हैं हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था विशेषकर भाजपा ने क्षेत्र की जनताओं को सिर्फवोट बटोरने के लिए ईस्तेमाल किया है क्षेत्र में ऐसे कई गांव अभी भी हैं जहां विकास के बहुत सारे काम करने हैं हम

लगातार क्षेत्र में विकास के कार्यों पर जोर दे रहे हैं हमारी सरकार ने गरीबों के हित में कई अहम योजनाओं का संचालन कर रहा है हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टी एस बाबा ने प्रदेश में विकास की बयार बहा दी है। चिकित्सा के क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में, किसानों के हित में, कर्मचारियों के लिए हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। विकास को देखकर प्रदेश की जनता काफी खुश है और आने वाले समय में प्रदेश की सूरत और भी बदलने वाली है। कांग्रेस। की विकास से भाजपा घबराई हुई है इसलिए हर क्षेत्र में झूठ का सहारा लेकर भ्रम और अफ वाह फैला रही है क्षेत्र की जनता विकास के साथ है कांग्रेस सरकार के साथ है और आगे भी उनका आशीर्वाद विकास के साथ ही होगा। भाजपा जो कार्य 15 साल सरकार में नहीं कर सकी उसे हमारी सरकार ने मजह 3 से04 वर्ष में करके जनता के सामने खड़ा कर दिया। हमारा जशपुर जिला काफी खूबसूरत है और इसकी खूबसूरती को निखारने का कार्य भी चल रहा है इस भरोसे की सरकार पर जनता फिर से मुहर लगाएगी। कल गांधी जयंती के दिन भरोसे की यात्रा में मूसलाधार बारिश में 15 किमी फ रसाबाहर से पंडरीपानी होते हुए बाबूसाजबाहर तक पदयात्रा करते हुए भी निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान राजनीतिक रूप से उपेक्षित किये गए राय भाट समाज रात 8 बजे पुरे उत्साह और उमंग के विधायक यूडी मिंज का जोशीला स्वागत किया जहां उन्होंने 10 लाख की लागत से बने सामाजिक भवन का लोकार्पण किया इससे पहले तमामुंडा गोवर्धन टोंगरी में 10 लाख की लागत से बने महाकुल समाज के सामाजिक भवन का भी लोकार्पण किया दोनों समाज के लोग ने विधायक यूडी मिंज को धन्यवाद दिया।

एक नजर

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं ने कलेक्टर से किये मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 का आयोजन रायपुर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने संभाग में प्रथम तथा राज्य में सातवां स्थान प्राप्त करते हुए कुल 18 पदक प्राप्त किया। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संयुक्त कार्यालय में सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर सम्मानित किया तथा जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने पर सभी खिलाड़ियों, अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेल अधिकारी आरती पांडे, सीमांचल त्रिपाठी, सोमेश लामा, प्रभाशंकर प्रसाद, संजय यादव, चंद्रिका आयाम, संतोष पैंकरा, बालेंद्र साहू, राजनीमाल, भूपेश देवांगन, राजलाल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

गांधी जयंती के अवसर पर जेल लोक अदालत आयोजित

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफएक्शन के अनुसार माह अक्टूबर 2023 में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जेल लोक अदालत का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे।

डी एल कटकवार जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में जिला जेल कोरबा में अश्वनी कुमार चतुर्वेदी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा एवं श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा सिटी मजिस्ट्रेट कोरबा एवं उप जेल कटघोरा में रमेश कुमार चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की ड्यूटी जय लोक अदालत में लगाई गई थी जिसमें कुल पांच बंदियों के प्रकरण को रखा गया था जिसमें जिला जेल कोरबा से दो बंदियों को जेल लोग अदालत के अवसर पर रिहा किया गया । तथा जिला जेल के पुरुष एवं महिला बैरक में जाकर बंदियों को विधिक सहायता संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया।

आईपीएस के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता शपथ

कोरबा । स्वच्छ भारत का सपना साकार करने स्वच्छता की शुरूआत हमें अपने घर गली मोहल्ले से करनी चाहिए। आस पास के वातावरण, परिवेश को स्वच्छ रखने पर ही उसके सम्पर्क से हमारा शरीर स्वच्छ रहेगा और तभी हमारे स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होगा। आज पूरा देश इस प्रयास में लगा हैं कि वो अपने नजदीकी पर्यावरण को स्वच्छ व निर्मल बना सके। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने नित नए तरीके अपनाये जाते हैं, कभी स्वच्छता दिवस कभी सप्ताह तो स्वच्छता पखवाड़ा ये सारे केवल उपलब्धि पाने तसवीर खिंचाने के लिये नही होते वरन इनका उद्देश्य होता है लोगो को स्वच्छ रहने का गुण व स्वच्छता के फायदे बताना । एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए एक वहां के नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक हैं और भारत के नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम अपने भारत भूमि को स्वच्छ रखें तभी यह सुजला, सुफ्ला मलयज शीतला रह पाएगी । जहाँ पूरे राष्ट्र में स्वच्छता की अलख जगाने तथा लोगों को स्वच्छ रहने को जागरूक करने के उददेश्य से विविध आयोजन हो रहे है वहीं दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफसफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

श्रीमती सोमा सरकार ,शैक्षणिक प्रभारी के दिशा निर्देशन में सभी शिक्षक की स्टाफ ने विद्यालय के आसपास एवं विद्यालय में निर्मित हर्बल गार्डन की साफसफाई की एवं श्री राजू कौशिक के दिशा निर्देशन में इंडस पब्लिक स्कूल दीपिका के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के कचरो को साफकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया । स्वच्छता ही सेवा अभियान में विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफसफाई करके माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

आभाविप साजा के कार्यकर्ताओं ने मूलभूत समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो सदैव छात्रहित, सामाजहित राष्ट्रहित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। आज आभाविप साजा के कार्यकर्ताओं ने मूलभूत समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा जिसमे निम्न मांग सम्मिलित है। बीए प्रथम वर्ष के कक्षा के छत की मरम्मत की जाए, कॉलेज परिसर की साफ-सफाई एवं बाथरूम की साफ सफाई नहीं है। बिना आई डी कार्ड महाविद्यालय में प्रवेश पर रोक, पुस्तकालय की मरम्मत, निःशुल्क

बस सेवा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए 6 दिन में समस्या का निराकरण नहीं होने पर अभाविप साजा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर नगर मंत्री अरुण सिंह चौहान, नगर उपध्यक्ष रणजीत राजपूत, सह मंत्री संदीप यदु, चम्पेश्वर साहू, गोविंद, नरेन्द्र, धनेश्वर,सूर्यकान्त, झम्मन, पायल, अंजलि, सपना, प्रिया, हेमा एवं समस्त छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

व्यय अनुवीक्षण समिति के अन्तर्गत उड़नदस्ता टीम एवं स्थतिक निगरानी दल को दिया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन 2023 का स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत सूरजपुर के सभा कक्ष में आगामी विधानसभा 2023 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति के अन्तर्गत उडनदस्ता टीम एवं स्थतिक निगरानी दल हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति के नोडल नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ.विनोद कुमार साहू के द्वारा व्यय अनुवीक्षण तंत्र के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उड़नदस्ता टीम व स्थैतिक निगरानी टीम के कार्यों एवं उत्तरदायित्व को विस्तारपूर्वक निर्वाचन व्यय से संबंधित वैधानिक प्रावधानों सहित चर्चा किया गया। इस प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नयनतारा सिंह तोमर द्वारा की प्रक्रिया को भी बताया गया उक्त प्रशिक्षण में जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार बारी, मास्टर ट्रेनर डॉ. विनोद कुमार साहू, सहायक कोषालय अधिकारी योगेश प्रताप सिंह एवं सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन, उमेश कुमार आयाम उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए दी निर्वाचन संबंधी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा सामान्य निवार्चन के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग ऑफि सर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न नोडल अधिकारियों की वीडियो कान्फ सिंग के जरिए एमसीसी, निर्वाचन नामावली, निर्वाचन व्यय लेखा अन्य प्रशासनिक सहित विभिन्न प्रक्रियाओं, गतिविधियों और प्रावधानों की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना

बाबासाहेब कंगाले ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को आगामी सामान्य विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, त्रुटिरहित, विवाद रहित और समावेशी निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण का महत्व रेखांकित किया। कंगाले ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अनुभव का लाभ उठाते हुए उनसे अधिक से अधिक चर्चा कर निवार्चन से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान करने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने ई-रोल, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, पोस्टल बैलेट, ईव्हीएम एवं व्हीहीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। वहीं भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने आदर्श आचरण संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लीकेशन्स, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति एमसीएमसी, पेड न्यूज, कानून-व्यवस्था, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, व्यय अनुवीक्षण और निर्वाचन व्यय लेखा का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए आयोग निर्वाचन की हर गतिविधियों को गंभीरता से संचालित करती है। उन्होंने कहा कि कल बुधवार 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी इसी दिन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रेसवार्ता लेकर जानकारी से अवगत कराये। त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली से सुचारू मतदान में मदद मिलती है। अधिकारियों को पोस्टल बैलेट और ईवीएम व वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सर्विस वोटर्स और पोस्टल बैलेट के लिए पात्रता, मतपत्र और मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में बताया। ईवीएम व वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझाते हुए इसकी हैंडलिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। ईवीएम के रैंडमाइजेशन, मॉक पोल और खराब मशीनों को बदलने की प्रक्रिया और नियमों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर ट्रैय डॉ. अनिल वाजपेयी, छन्नूलाल मार्कण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे एवं जिले के सभी एसडीएम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में किया सामग्री वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के समाजशास्त्र विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अंतर्गत वृद्धाआश्रम बेमेतरा में पहुंचकर जरूरतमंदों को जरूर की सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय बेमेतरा की समाजशास्त्र विभाग की एचओडी सहायक प्राध्यापक श्वेता पावले,सहायक प्राध्यापक सौरभ साहू,सहायक प्राध्यापक दिनेश गायकवाड़,सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र शुभम जैन,सहित कन्या महाविद्यालय बेमेतरा की छात्राएं संजना साहू, गोदावरी सेन,आकृति वर्मा, भारती रजक उपस्थित रहे। ऐसे नेक कार्य के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता गौतम कहती है की हरेक व्यक्ति का दायित्व है कि परहित

सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई। परोपकार से बढ़कर दूसरा धर्म नहीं है और किसी को दुख पहुंचाने से बढ़कर कोई दूसरा अधर्म नहीं है। और कहती है की महाविद्यालय में इस प्रकार के प्रति कार्य की सोच और कार्य अपने आप में अद्वितीय ऐसे कार्य के लिए प्राचार्य ने जमकर सराहना की है।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही न होने से लवन थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बिक्री पहुंची चरम सीमा पर

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

लवन चौकी क्षेत्र अतिसंवेदनशील होने के कारण उसे थाना बनाया गया ताकि क्षेत्र में अपराध व अवैध कार्यों में अंकुश लगाया जा सके बावजूद अवैध कार्यों में संलिप्त लोग बेखौफ होकर अपने कार्यों को अंजाम दे रहें है। जिस कारण स्थानीय निवासी व जनप्रतिनिधियों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर कई तरह की सवाल खड़ा हो रहा है। बात करें कच्ची महुआ शराब सहित अवैध शराब बिक्री की तो सितम्बर महीने में लवन थाना क्षेत्र में लगभग 25 मामलों में 34, की कार्रवाही की गयी है। कार्रवाही की आकड़ा तो बहुत है। लेकिन थाने में ऐसा क्या चमत्कार हो रहा है की जितने व्यक्ति थाने से छूटकर आ रहे है वें सभी लोग दुगनी रफ्तार से बेखौफ होकर धड़ल्ले से पुनः शराब बेचने का काम कर रहे है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रतिबंधात्मक

कार्रवाही न करके पुलिस द्वारा कोचिंयो से सांठ-गांठ कर छोड़ दिया जाना है। वैसे तो कच्ची शराब धीरे-धीरे जिले में कुटीर उद्योग बन गई है। शायद ही किसी थाना क्षेत्र का कोई गांव छूटा होगा जहां पर शराब न बनाई जाती हो। रोजी रोटी का साधन बनी शराब दूसरे के घरों को बर्बाद कर रही है। जानकारों की मानें तो शराब के काले धंधे को क्षेत्रों के नेताओं और स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त रहता है और उसी में शराब का धंधा भी फ लता फू लता रहता है। लवन थाना क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्ठियां धधकती रहती हैं। मरदा, जुड़ा,बरदासरखोर, धाराशिव, दतान खैरा.खैदा, बनगबौद, अहिल्दा, कोहरौद एकोनारी, सहित करीब एक दर्जन से ज्यादा गांवों में यह बड़े पैमाने पर होता है। देखा जाए तो धीरे-धीरे यह शराब घरों के चूल्हों तक पहुंच गई है और तो और गैस चूल्हों पर भी शराब उतारी जाती है। वहीं कुछ क्षेत्रों में तो खुलेआम शराब का कारोबार होता है और क्षेत्र ही नहीं आसपास भी इसकी आपूर्ति होती है। ऐसा नहीं कि थाना पुलिस को इसकी जानकारी नहीं होती है। पुलिस सब जानती है और जान कर भी चुप रहती है।

हल्का सिपाही और दरोगा को तो चप्पे-चप्पे की जानकारी रहती है। यही कारण है कि थाना पुलिस की कार्रवाई में कभी भी बड़ी सफ लता नहीं मिलती है, छापे के पहले ही मुखबिर सूचना दे देते हैं। वहीं शराब के खेल में शामिल लोगों को स्थानीय नेताओं का भी संरक्षण रहता है। जिससे उन पर कार्रवाई नहीं होती है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस अधिकारियों को अब तक कई शिकायत की गई है। लेकिन वह अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं कराते। उल्टे शराब बेचने वालों को नाम बता दिया जाता है कि गांव के किन लोगों ने अवैध शराब बिक्री की शिकायत की है। इसी तरह शराब का पूरा कारोबार पुलिस के संरक्षण में चल रहा है। पुलिस को जानकारी है कि किस गांव में कौन शराब बेच रहा है। अवैध शराब बिकवाने पर पुलिस को तगड़ा कमीशन मिलता है, इसलिए पुलिस कार्रवाई करने में परहेज करती है।

गांव में शराब मिलने से बच्चे शराब के आदि हो रहे हैं, नाबालिग शराब पीने लगे हैं। शराबियों से गांव की बहन, बेटियों को खतरा है। शराब के कारण गांव में आए दिन विवाद बनते है। यदि अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती से प्रतिबंध लग जाए तो 50 प्रतिशत अपराध कम हो जाएंगे। लोग शराब पीकर गाली गलौज करते हैं। विरोध करने वाले से वह लड़ने पर उतारु हो जाते हैं। गांव में कई विवाद शराब के कारण हुए हैं, अगर गांव में शराब का विक्रय बंद हो जाए तो इससे विवादित मामलों में कमी देखने को मिलेगा।

शेरघाटी के कुख्यात डकैतों पर कहर बनकर बरपी रायगढ़ पुलिस

बहुचर्चित एक्सिस बैंक डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

रायगढ़ जिले के बहुचर्चित एक्सिस बैंक डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है । घटना के बाद फरार हुये शेरघाटी गैंग के डकैतों की पतासाजी में सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में बिहार झारखंड रवाना हुई स्पेशल टीम ने बिहार के गया जिले में रेड कर गैंग के 2 डकैत- निलेश उर्फ नीतीश जादव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को हथियार समेत गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है । एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा गठित सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में स्पेशल टीम रायगढ़ से ही आरोपियों के सभी उपलब्ध जानकारियों को जुटाने में लग गयी थी जिनकी लगन और मेहनत के कारण उक्त डकैतों को गिरफ्तार करने में रायगढ़ पुलिस को सफलता मिली है । ज्ञात हो कि शेरघाटी गैंग के इन डकैतों ने 19 सितंबर की सुबह सशस्त्र हथियारों के साथ रायगढ़ के ढिमरापुर चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य शाखा में डकैती की घटना को अंजाम दिया था जिसमें डकैत बैंक से नकद 4.19 करोड रूपये और 78 पैकेट सोने के जेवरात (वजन- 2 किलो 91 ग्राम) कुल 5.62 करोड़ रूपये लेकर अलग-अलग वाहनों से फरार हो गये थे । राज्य की सबसे बड़ी बैंक डकैती को छत्तीसगढ़ पुलिस ने चैलंज स्वरूप लिया गया । छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा तत्काल पड़ोसी राज्यों के आला अधिकारियों से संपर्क करते हुए स्थानीय पुलिस को सहायता उपलब्ध कराई तथा आईजी बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव और डीआईजी रामगोपाल गर्ग खुद रायगढ़ में कैंप कर केस की कमान संभालते हुये मॉनिटरिंग हेतु मौजूद रहे जिनके मार्गदर्शन में विभिन्न जिलों के साथ समन्वय बनाते हुए रायगढ़ पुलिस एतिहासिक रूप से शत प्रतिशत बरामदगी करते हुये शेरघाटी गैंग बिहार के 5 डकैत- राकेश कुमार गुप्ता, उपेंद्र सिंह, निशांत उर्फ पंकज कुमार महतो उर्फ राजेश दास, राहुल कुमार सिंह, अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया। आईजी बिलासपुर अजय यादव एवं डीआईजी रायगढ़ राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन पर एसएसपी रायगढ़

सदानंद कुमार स्वयं विवेचनाटीम को मॉनिटरिंग कर रहे थे, आरोपियों से की गई मैराथन पूछताछ में मिले महत्वपूर्ण इनपुट पर एसएसपी रायगढ़ द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली, चक्रधरनगर, साइबर सेल के स्टाफ की विशेष टीम गठित कर बिहार, झारखंड रवाना किया गया, जहां टीम ने टेक्निकल इनपुट और ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ बड़ी सूझबूझ और जान जोखिम में डालकर 2 हथियाबंद डकैत- निलेश उर्फ नीतीश जाधव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की ।

एसएसपी सदानंद कुमार की स्पेशल टीम ने शेरघाटी गैंग के डकैतों को उनकी मांद से निकालकर पकड़ा

पुलिस टीम की तैयारी व रेड

शेरघाटी गैंग के सभी डकैत मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे जिससे इन्हें लोकेट करना और भी कठिन चुनौती के रूप में सामने आ रहा था । सीएसपी अभिनव ने रायगढ़ से ही अपनी स्पेशल टीम को अलग-अलग टास्क देकर आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाने हेतु विभक्त किया गया था जिसमें आरोपियों द्वारा किये गये मूव्हमेंट का सीसीटीवी फुटेज खंगालने से लेकर गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर फरार आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना शामिल था। टेक्निकल इनपुट की कमी होने के बावजूद भी स्पेशल टीम एसएसपी सदानंद कुमार से परमीशन लेकर दिगर राज्य आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना हुई । पूछताछ के दौरान स्पेशल टीम को पता चला था कि फरार आरोपियों द्वारा टाटानगर (झारखंड) में विगत तीन माह से एक कमरा किराये में लिया गया था जिसे वे बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच छिपने के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। स्पेशल टीम द्वारा बड़ी मशक्कत के पश्चात सबसे पहले टाटानगर के कमरे की पहचान की गई और वहां रेड किया गया लेकिन वह कमरा बंद मिला। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पर आरोपियों के जिस मित्र द्वारा कमरा दिलाया गया था उसे बुलाकर पूछताछ किया गया जिसमें फरार आरोपी निलेश उर्फ नीतीश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी निलेश उर्फ नीतीश अपने ठिकाने से आज रात्रि रांची से बाराचट्टी बस पकड़ कर बस स्टैण्ड आने वाला है। इस जानकारी पर तत्काल सीएसपी अभिनव अपनी टीम को लेकर टाटानगर जमशेदपुर से बाराचट्टी, गया (बिहार) हेतु रवाना हुये। आरोपियों को पकड़ने में किसी प्रकार की चूक ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुये सीएसपी अभिनव ने टीम को ब्रीफ कर तीन भाग में विभक्त किया जिसमें पहली टीम में हेम प्रकाश सोन, प्रशांत पंडा, नवीन शुक्ला एव उत्तम सारथी को पास के ही टोल प्लाजा में रूक कर आरोपी के बस की पहचान और पीछा कर बस स्टैंड तक आने का कार्य दिया गया। दूसरी टीम में पुष्पेन्द्र जाटवर, डेहरू उरांव को आरोपी के मित्र के साथ बस स्टैंड में स्थित पान ठेला जहां आरोपी ने अपने मित्र को मिलने का समय दिया था के पास रूक कर आरोपी के कॉल आने का इंतजार करने कहा गया।

तीसरी टीम में स्वयं सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एएसआई इगेश्वर यादव और आरक्षक तारीक अनवर हथियार से लैस होकर हिटिंग टीम के रूप में बस के रूकने के संभावित स्थान पर छिपकर इंतजार करने लगे। तभी पहली टीम ने टोल नाके के पास एक बस को चिन्हाकित कर आरोपी की बस के रूप में पहचान कर समय का मिलान करते हुये स्पेशल टीम को सूचित कर अलर्ट किया गया एवं वह टीम उक्त बस का पीछा करने लगी। जैसे ही बस स्टैंड पर बस रूकी आरोपी निलेश उर्फ नीतीश जाधव बस से उतर कर निर्धारित गंतव्य स्थान पान ठेले की ओर जाने लगा। चूंकि गहन पूछताछ के दौरान आरोपी निलेश की फोटो स्पेशल टीम को मिल चुकी थी, सीएसपी अभिनव द्वारा आरोपी निलेश को देखते ही पहचान लिया गया और एएसआई इगेश्वर यादव के साथ पीछे से जाकर आरोपी निलेश उर्फ नीतीश जाधव को पकड़ने में सफलता हासिल की। सभी टीमें बस स्टैंड पर पहुंच की थी। आरोपी के मित्र द्वारा आरोपी निलेश की पहचान की पुष्टि की गई। गिरफ्तार आरोपी निलेश से अन्य फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की गई, उसके द्वारा सिर्फ एक फरार आरोपी पवन उर्फ पंकज जाधव की जानकारी होना बताया। आरोपी निलेश ने यह भी बताया कि पवन द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु कोई मोबाइल का उपयोग नहीं किया जा रहा है और फरार आरोपी पवन के सूर्यमंडल चौक, बाराचट्टी में मिलने की संभावना जताई जिस पर सीएसपी अभिनव और प्रशांत पंडा भेष बदलकर खलासी के रूप सूर्यमंडल चौंक के आसपास रेकी करने गये । इस दौरान आरक्षक प्रशांत पंडा को सूर्यमंडल चौक पर स्थित एक दुकान में आरोपी पवन दिखा। टीम को बुलाने का समय नहीं होने की वजह और आरोपी के फरार होने की संभावना को देखते हुये सीएसपी अभिनव और आरक्षक प्रशांत पंडा द्वारा स्वयं दुकान के अंदर घुसकर आरोपी पवन उर्फ प्रकाश जाधव को धर दबोचा गया। तत्काल पूरी टीम को बैकअप हेतु बुलाया गया एवं आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी कर स्पेशल टीम स्थानीय थाना को सूचना देकर रायगढ़ हेतु रवाना हुई । पूरे मिशन में एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर अपनी स्पेशल टीम को स्थानीय थानों का पूर्ण सहयोग मुहैया कराया गया और लगातार दिन-रात स्पेशल टीम लीडर सीएसपी अभिनव के संपर्क में रहकर आरोपियों के गिरफ्तार करने हेतु बिहार के अपने स्थानीय संपर्क सूत्रों से हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई। उक्त मिशन में स्पेशल टीम को नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा लीड किया गया जिसमें एएसआई इगेश्वर यादव, हेड कांस्टेबल हेम प्रकाश सोन, आरक्षक प्रशांत पंडा, आर. पुष्पेन्द्र जाटवर, आर. नवीन शुक्ला, आर. उत्तम सारथी, आर. डहरू उरांव, आर. गणेश भगत, आर. तारीक अनवर शामिल थे। उक्त मिशन की सफलता में स्पेशल टीम के साथ-साथ हेड क्वाटर रायगढ़ से एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे, एएसआई दिलीप बेहरा, सायबर सेल से लगातार टीम को टेक्निकल मदद प्रदाय करने हेतु प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, महिला आरक्षक मेनका चौहान, थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, दिलीप भानू, देवनारायण मरावी, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, संदीप मिश्रा, संदीप भगत, विनोद शर्मा, कोमल तिवारी,आर. परमानंद पटेल, आर. यशवंत दुबे, आर. 225 सुदर्शन पाण्डेय (छसबल) ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

जप्त हथियार, वाहन व अन्य

1 पिस्टल, 1 कट्टा, पिस्टल के 10 जिंदा राउंड, कट्टा के 6 जिंदा राउंड, 2 बाइक, 2 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त चाकू ।

एक नजर

सोमवार का दिन रहा हादसों से भरा हुई तीन की मौत

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

बेलगहना क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन दु:खद रहा क्योंकि बेलगहना क्षेत्र के फाटक पारा पुराने रेलवे केबिन के सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश नाली में पड़ी हुई पाई गई बेलगहना पुलिस को सूचना दी गई जिसमें व्यक्ति की पहचान विजय कुमार पनिका पिता सुदर्शन उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बहेरामुड़ा के रूप में हुई बताया जा रहा है की व्यक्ति अपने परिवार से अलग रह आसपास घूमकर भिक्षा के सहारे जीवन यापन कर रहा था। इस संबंध में रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अविनाश सिंह का कहना है

की बॉडी में गन्दा पानी भरा हुआ था पानी में डूबने से सांस रुकने पर मौत की बात कही। वहीं सोमवार को ही बेलगहना क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बी एल पात्रे का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया बताया जा रहा है की वह अपने ड्यूटी से घर की ओर लौट रहे थे इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही इनकी मौत हो गई। जो क्षेत्र के लिए कृषकों के लिए अपूर्णीय क्षति माना जा रहा है। वही बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम बरगवा केंदा मे पाय सिंह सा 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। उसका शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही

चार नग पिकअप वाहन सहित डीजे साउंड सिस्टम जब्त

कोरबा । पुलिस ने बिना अनुमति के निर्धारित मानक से तेज व कर्कश आवाज में डीजे बजाने वाले चार डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में चार नग पिकअप वाहन सहित डीजे साउंड सिस्टम जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति सुरक्षा एवम कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में दौरान पेट्रोलिंग के दौरान रविवार रात 10 बजे से 11 बजे के मध्य पुरानी बस्ती मेन रोड, मोती सागर पारा मेन रोड कोरबा, सीतामढ़ी मेनरोड सार्वजनिक स्थल पर व संजय नगर मेन रोड सार्वजनिक स्थल पर गणेश विसर्जन के दौरान पिकअप में साउंड सिस्टम को लगाकर अत्यधिक तेज आवाज में बज रहा था। यह निर्धारित मानक से काफी तेज, कर्कश व कर्णपीड़ा दायक था। साथ ही उक्त ध्वनि की अत्यधिक तेज होने के कारण बुजुर्ग एवं अस्वस्थ लोगों के लिए अत्यधिक हानिकारक है, जिससे आसपास के निवासियों और आने जाने वाले लोगों को मानसिक परेशानी का कारण बन रहा था।

हरिभूमि कार्यालय से चोरी बैटरी, इनवर्टर के आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

चक्रधरनगर पुलिस ने पंजरीप्लांट स्थित हरिभूमि कार्यालय से चोरी बैटरी, इनवर्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी हुआ 2 नग बैटरी, तार को बरामद किया गया है । आरोपी अपने साथी के साथ बैटरी, इनवर्टर और तार की चोरी करना स्वीकार किया है, गिरफ्तार आरोपी का साथी फरार है ।

हरिभूमि कार्यालय पर हुई चोरी के मामले में 29 सितंबर को अखबार के प्रसार प्रभारी रमाकांत मिश्रा द्वारा रिपोर्ट आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 28 सितंबर 2023 के रात्रि 8 बजे कार्यालय को बंद कर अपने निवास स्थान चला गये थे । दूसरे दिन सुबह आफिस आने

पर पता चला कि रात्रि कोई अज्ञात चोर कार्यालय का दरवाजा का ताला तोड़कर कम्प्यूटर रूम से इनवर्टर एवं दो बैटरी तथा बिजली तार कीमती 35,000 रूपये का चोरी कर ले गया है। मामले में नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में दिया गया ।

माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से कयाघाट के भोकू उर्फ भीमसेन बसंत के द्वारा चोरी की बैटरी बेचने के लिये ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली । तत्काल थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ को संदेही की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रवाना किया गया । स्टाफ ने संदेही- भोकू उर्फ भीमसेन बसंत पिता प्यारी लाल बसंत उम्र 22 साल साकिन नीम चौक कयाघाट थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें अपने साथी के साथ इनवर्टर एवं दो बैटरी तथा बिजली तार की चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि इनवर्टर के टूट जाने पर नदी में फेंक दिये । आरोपी भोकू उर्फ भीमसेन बसंत के मेमोरेंडम पर 2 नग बैटरी व बिजली तार को बरामद कर जप्त किया गया है । गिरफ्तार आरोपी के साथी की चक्रधरनगर पुलिस सरगर्मी से पता तलाश कर रही है । माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, सहायक उप निरीक्षक उदय सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, शांति मिरी, सुशील यादव और अभय यादव शामिल थे ।

निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने सी-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन उपलब्ध

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट होगी प्रस्तुत

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी.विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी.विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन को

सीप्तविजिल मोबाइल एप्लिकेशन का नागरिक कर सकते हैं उपयोग

गुगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के सभी विधानसभाओं के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को सी.विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। सी.विजिल मोबाइल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन.इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो.टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल.टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

एनजीजीबी के अंतर्गत अजगर झरिया नाला में चरणबद्ध तरीके से किया जल संरक्षण और जल संवर्धन कार्य

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

जिले के जनपद पंचायत रामानुजनगर से 15 किमी की दूरी पर दक्षिण भाग में स्थित ग्राम पंचायत गणेशपुर सूरजपुर जिले में स्थित है। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना एनजीजीबी के अंतर्गत नरवा विकास के लिए अजगर झरिया नाला में चरणबद्ध तरीके से जल संरक्षण और जल संवर्धन का कार्य कराया जा रहा है। प्राथमिक स्तर पर 80 नग एलबीसीडी, 4 नग अन्डर ग्राउन्ड डाईक, 5 नग ग्रेबियन, 80 हेक्टेयर में कन्टुर ट्रेन्च व 1.5 हेक्टेयर में कन्टुर ट्रेन्च, 1 नग तालाब गहरीकरण जैसी विभिन्न तरह की कुल 92 नग

छोटी बड़ी संरचनाओं का स्वीकृत महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कराया गया है।

की वर्तमान स्थिति में अजगर झरिया नाला में 55 नग एलबीसीडी, 4 नग ग्रेबियन, 8.0 हे. व 1.5 हेक्टेयर में कन्टुर ट्रेन्च इत्यादी निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इसके साथ ही तालाब गहरीकरण का कार्य प्रगतिरत है। पहले बारिश का पानी अजगर झरिया नाला के माध्यम से गुजरकर झींक नदी में मिल जाता है। परन्तु आज अजगर झरिया नाला में छोटी बड़ी कुल 62 संरचना का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिये जाने के कारण वर्षा ऋतु का पानी जो सीधे झींक नदी में मिल जाता था। आज पानी विभिन्न संरचनाओं में रूक जाता है। जिससे अजगर झरिया नाला का जलग्रहण क्षेत्र एवं वाटर लेबल का स्तर बढ़ गया है। जिससे जमीन का सिंचित रकबा बढ़ गया है।

पांच साल में भरोसा नहीं जीत पाने वाली सरकार चुनाव नजदीक देख भरोसे का सम्मेलन कर रही : ओपी चौधरी

ओपी ने पूछा भूपेश है तो भरोसा है का नारा आखिर भरोसे की सरकार के नारे में क्यों बदला

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

रायगढ़ में कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन के आयोजन को सवालों के कटघरे में खड़े करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने पूछा भूपेश है तो भरोसा है का नारा लगाने वाली कांग्रेस आज भरोसे की सरकार का नारा लगाने में क्यों विवश हुई? पांच सालो में जनता का भरोसा नही जीत पाने वाली भूपेश सरकार चुनाव नजदीक देख भरोसे का

राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से पूछा आप दलित समाज से है तो प्रदेश के युवा नग्न प्रदर्शन पर मजबूर क्यो हुए

सम्मेलन आयोजित कर रही है। चौधरी ने कहा दलित समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी बताए कि

प्रदेश के दलित गुवाओ को अपने अधिकार के लिए नग्न प्रदर्शन पर क्यों मजबूर होना पड़ा । सरकार उनका भरोसा क्यों नही जीत पाई। पांच सालो तक रायगढ़ विकास की बांट जोहता रहा लेकिन विकास कार्य शून्य रहे। बदहाल सड़के बढ़ता प्रदूषण स्थानीय लोगो को बेरोजगारी की समस्या स्थाई रूप से बनी हुई है। घोटाले भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार की कारगुजारियो से त्रस्त आम जनता को यदि आज यह सरकार विकास की बड़ी सौगात नही दे पाई तो प्रताड़ित जनता आगामी चुनाव में सिंहासन से उतार कर ही दम लेगी। भूपेश सरकार आम जनता के धैर्य की परीक्षा नही ले अन्यथा जनता माफ नही करेगी। ऐसा कोई सगा नही जिसे सरकार ने ठगा नही हर वर्ग सरकार से नाखुश है। सरकार को सभी मोर्चे में असफल बताते हुए भाजपा नेता ने कहा प्रदेश की जनता से झूठे वादे कर सत्ता मे आई भूपेश सरकार पांच सालो तक भ्रष्टाचार मे डूबी रही। परिवर्तन यात्रा की अपार सफलता से घबरा कर भूपेश सरकार झूठा भरोसा स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन**, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in